चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्थी संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 261 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
18 मार्च 2025 मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
31 अधिकतम
20 न्यूनतम



## मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का छठवां दिन

# कैग रिपोर्ट, अफसरों की मनमानी व मानहानि, पक्ष-विपक्ष में बढ़ी तनातनी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र विधानसभा में बजट सत्र का आज छठवां दिन है। उधर सीएजी की रिपोर्ट में सामने आई गड़बड़ियों के मुद्दे पर भी सियासी हंगामा मचा हुआ है। विपक्षी दल कांग्रेस के नेताओं ने सदन में दाखिल होने से पहले इस पर अपने तेवरों का इजहार भी किया। पूर्व सीएम कमलनाथ भी विधानसभा पहुंचे और कहा- कि पूरा मप्र भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। कांग्रेस विधायक सतीश सिकरवार ने कहा- मप्र में भाजपा सरकार की गड़बड़ी उजागर हो रही है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में भी बसों की जगह स्कूटरों-मोटरसाइकिलों के बिलों का भुगतान कर दिया गया। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, संबल योजना में भी भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। पूरा प्रदेश भ्रष्टाचार का



अभी तो आधा खुलासा हुआ है। पूरा खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि विस में प्रश्नकाल के बाद एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा- ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भिंड के भ्रष्ट बिजली अधिकारी को बचा रहे हैं। इस पर मंत्री ने कहा- विधायक ने जो सुझाव दिए हैं, उसके आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों से जांच कराएंगे। दरअसल सीएजी यानि कैग रिपोर्ट विस में रिपोर्ट भी पेश की गई तो इसमें संबल, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना समेत कई योजनाओं में अनियमितता की बातें सामने आई। इसे लेकर ही विपक्षी दल सरकार पर हमलावर हैं। कांग्रेस ने कहा अड्ड्डा बन गया। हालांकि इस रिपोर्ट पर वरिष्ठ भाजपा विधायक व मंत्री रहे गोपाल भार्गव ने कहा- कैग की रिपोर्ट अब लोक लेखा समिति में जाएगी। उसके बाद परीक्षण होगा। कोई भी रिपोर्ट जब आती है तो पीएसी में जाती है। उसके बाद परीक्षण में जाती है।

उधर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा- मैंने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के लिए 20 करोड़ का नोटिस दिया है। सिंघार भ्रष्टाचार में गले तक डूबे हुए हैं। उनसे पूछना चाहिए कि वे दो करोड़ की डिफेंडर गाड़ी में कैसे घूम रहे हैं। उनकी पत्नी ने हत्या तक के आरोप लगाए हैं। सुप्रीम कोर्ट में रिट भी लगी है। जिस आदमी ने हमारे नाम का टेंडर ले लिया है। वे लोकायुक्त नहीं जाएंगे तो टेंडर वापस ले लिया जाएगा। अगर ऐसे लोग कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष रहे तो कांग्रेस की अगली बार 8-10 सीटें आ जाएं, यही बहुत है। दरअसल, सोमवार को सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने लोकायुक्त से मुलाकात कर मंत्री राजपूत की जांच कराने की मांग की थी। मंत्री ने इसी पर अपनी प्रतिक्रिया दी। इस पर सिंघार ने कहा कि कांग्रेस हर भ्रष्टाचार के खिलाफ खडी रहेगी।।नहानि के नोटिस का हम जवाब दे देंगे।

## तेलंगाना में आरक्षण बढ़ाने का वादा पूरा

उधर, लोकसभा में विपक्ष के नेत राहुल गांधी ने कहा है कि उनकी पार्टी की सरकार ने त्लेंगाना में अन्य पिछडा वर्ग के लिए आरक्षण की सीमा की 23 प्रतिशत की दीवार को पार कर ऐेतिहासिक काम कर दिया है। गांधी ने कहा कांग्रेस सरकार ने तेलंगाना में ओबीसी आरक्षण बढाने का वादा पूरा कर दिया है। राज्य में वैज्ञानिक तरीके से हुई जातिगत गिनती से मिली ओबीसी समुदाय की असल संख्या स्वीकार की गई और शिक्षा, रोजगार और राजनीति में उनकी समान भागीदारी सुनिश्चित् करने के लिए विधानसभा में 42 प्रतिशत आरक्षण का बिल पारित् किया गया है। सामाजिक न्याय की दिशा में यह वाकई एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि मैं लगातार कह रहा हूं कि एक्सरे - यानी जातिगत जनगणना - से ही पिछ्डे और वंचित् समुदायों को उनका उचित हक मिल सकता है। यही देश की जरूरत है।

# अंततः...9 माह बाद अंतरिक्ष से वापसी के सफर पर सुनीता

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अंतरिक्ष में करीब 9 महीने तक फंसे रहने के बाद आज भारतीय समय के मुताबिक 10.35 बजे आखिरकार फंसे एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने पृथ्वी पर वापसी का सफर शुरू कर दिया। उनके साथ इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में मौजूद क्रू-9 के दो और एस्ट्रोनॉट निक हेग और अलेक्सांद्र गोरबुनोव भी आज रवाना हुए हैं। चारों एस्ट्रोनॉट के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार होने के बाद सुबह 8- 35 बजे इस स्पेसक्राफ्ट का हैच यानी, दरवाजा बंद हुआ था और अन्य जरूरी जांच आदि के बाद स्पेसक्राफ्ट इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अलग हुआ। यह 19 मार्च को सुबह लगभग 3.27 बजे फ्लोरिडा के तट पर लैंड होगा।

बताया जा रहा है कि वापसी के इस सफर में करीब 17 घंटे लगेंगे। नासा की ओर से इस इवेंट का एक अनुमानित शेड्यूल जारी किया गया है। इसमें मौसम के कारण बदलाव भी हो सकता हैस्पेसएक्स का एयरक्राफ्ट 27000 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करेगा। इसके बाद धरती की 18 हजार फीट की ऊंचाई पर सबसे पहले दो ड्रैगन पैराशूट खुलेंगे और उसके बाद 6000 फीट की ऊंचाई पर मेन पैराशूट भी खुलेंगे। नासा की जानकारी के मुताबिक, स्प्लैशडाउन या अंतरिक्षयात्रियों की समुद्र में लैंडिंग फ्लोरिडा के तट पर होगी, लेकिन मौसम सही नहीं रहा तो लैंडिग कहीं और भी हो सकती है। लैंडिंग का यह समय फिलहाल बुधवार तड़के 3.27 बजे है।

### यूं टलती रही वापसी

जून 2024 में सुनीता विलियम्स और विल्मोर धरती से गए थे, जिनका आईएसएस पर रुकने का प्लान थोड़े वक्त का ही था। कुछ वक्त बाद ही इंजीनियरों ने स्टारलाइनर में हीलियम लीक और प्रोपल्शन सिस्टम में खराबी का पता लगाया, जिससे यह वापसी के लिए यान अनसेफ हो गया। सितंबर 2024 में स्टारलाइनर अंतरिक्ष यात्रियों के बिना पृथ्वी पर वापस लौटा, सुनीता और विल्मोर के लिए सुरक्षित वापसी विकल्प का इंतजार करते हुए आईएसएस की ऑपरेशनल एफिसिएंसी सुनिश्चित करने के लिए यह फैसला लिया गया था। नासा ने 2025 की शुरुआत में निर्धारित स्पेसएक्स मिशन के जरिए वैकल्पिक वापसी का प्लान बनाया।

# सीजफायर के दौरान इजरायल का हमास पर जबर्दस्त अटैक 232 मौतें

**तेलअवीब, एजेंसी**



### बंधकों को तत्काल रिहा करने की मांग

इजराइल ने गाजा में फिर से भीषण हमले शुरू कर दिए हैं। इजरायल डिफेंस फोर्सेस के मुताबिक वायु सेना ने गाजा में हमास के ठिकानों पर जबर्दस्त एयरस्ट्राइक की है। हमलों में अब तक 232 लोगों की मौत हो गई है। वहीं 300 से ज्यादा घायल हैं। हालांकि 19 जनवरी को इजराइल-हमास में शुरू हुए सीजफायर के बाद इजराइल का गाजा में यह सबसे बड़ा हमला है। इजराइली सेना का कहना है कि वह हमले की योजना बना रहे आतंकवादियों को निशाना बना रही थी। इजराइल ने पिछ्ले दो हफ्तों से गाजा में भोजन, दवाइयों, ईंधन और अन्य सप्लाई को रोक दिया है और मांग की है कि हमास संघर्ष विराम समझौते में बदलाव स्वीकार करे। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने यह हमले इसलिए कराए क्योंकि सीजफायर पर हो रही बातचीत आगे नहीं बढ़ रही थी। नेतन्याहू कई बार फिर से जंग शुरू करने की धमकी दे चुके हैं। वहीं, इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने चेतावनी दी है कि अगर बंधकों को रिहा नहीं किया तो गाजा में नरक के दरवाजे खोल देंगे।

उधर हमास ने इजराइली हवाई हमलों को सीजफायर का उल्लंघन बताया है। हमास ने धमकी दी है कि इस कदम से उसकी कैद में मौजूद इजराइली बंधकों की जान खतरे में आ गई है। हमास ने कहा कि इजराइल ने बिना किसी उकसावे के हमले किए हैं। ज्ञात हो कि सीजफायर के पहले फेज में 33 इजराइली बंधक रिहा हुए हैं।

# औरंगजेब पर रातभर बवाल के बाद नागपुर में तनावपूर्ण शांति

**नागपुर, एजेंसी**



### 11 इलाकों में कर्फ्यू, पूरा बाजार बंद, डीसीपी पर कुल्हाड़ी से हमला, पथराव आगजनी

औरंगजेब की कब्र विवाद के चलते महाराष्ट्र में हिंदू संगठनों ने पूरे राज्य में प्रदर्शन के बीच नागपुर में भड़की हिंसा ने स्थिति तनावपूर्ण कर दी है। बताया जाता है कि नागपुर में विश्व हिंदू परिषद ने औरंगजेब का पुतला फूंका तो इसमें कथित रूप से आपत्तिजनक सामग्री का इस्तेमाल किया गया, इसका वीडियो वायरल हो गया और देर रात महाल इलाके में हिंसा भड़क गई। इस दौरान पथराव और तोड़फोड़ शुरू हो गई। उपद्रवियों ने घरों पर पथराव किया और सड़क किनारे खड़ी गाड़ी में आग लगा दी। पुलिस पर भी हमला किया गया। डिप्टी कमिशन्र पुलिस निकेतन कदम कुल्हाड़ी के हमले से घायल हो गए। स्थिति नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े गए और 55 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। शहर में धारा 163 (पुरानी धारा 144) लागू कर दी गई है। शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए पुलिस की 20 टीमें बनाई गई हैं। उधर,सीएम देवेंद्र फडणवीस ने देर रात प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के साथ बैठक की। इसके बाद बावनकुले नागपुर के लिए रवाना हो गए।

# ईडी ने लालू-राबड़ी व तेजप्रताप को पूछताछ के लिए तलब किया

**पटना, एजेंसी**

नौकरी के बदले जमीन मामले में आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव को प्रवर्तन निदेशालय यानि ईडी ने पूछताछ के लिये तलब किया है। लालू के साथ ही राबड़ी देवी और तेज प्रताप यादव को भी जांच एजेंसी तलब किया है। ईडी उनसे पटना जोनल ऑफिस में पूछताछ कर रहा है। हालांकि लालू यादव को कल यानी बुधवार के लिए बुलाया गया इसके पहले भी ईडी ने लालू यादव के पूछताछ की थी, तब बयान दर्ज किया जा चुका था लेकिन ईडी का कहना है कि अब कुछ नए सुबूत हाथ लगे हैं, जिनके आधार पर अब फिर से पूछताछ की जाएगी. इसके बाद कार्रवाई होगी। लैंड फॉर जॉब स्कैम केस पश्चिम-मध्य रेलवे के जबलपुर जोन में 04 से 09 के बीच ग्रुप-डी पदों पर हुई नियुक्तियों से जुड़ा है। आरोप है कि लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान उम्मीदवारों से उनके परिवार या सहयोगियों के नाम पर जमीन हस्तांतरित करवाई गई थी और इसके बदले में उन्हें रेलवे में नौकरियां दी गईं।

## शेयर बाजार में सेंसेक्स 900 अंक भागा

**मुंबई, एजेंसी।** शेयर बाजार में आज जोादार तेजी देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 865 अंक की तेजी के साथ 75,035 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी 200 अंक से ज्यादा की तेजी है, ये 22,750 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। कल भी दोनों सूचकांक में तेजी थी लेकिन आज यह ज्यादा है। हालांकि शुरुआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में तेजी और 2 में गिरावट देखने को मिल रही है। उधर संसद में कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि गिरावट से नुकसान छोटे निवेशकों को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने मंदी की चिंता, उम्मीद से कम कमाई और रुपये की कमजोरी व विदेशी निवेशक द्वारा बाजार से पैसे निकालने को वजह बताया।

# सोनिया ने कहा-मनरेगा को दरकिनार कर रही सरकार, 400 रुपए मजदूरी तय करें

**नईदिल्ली, एजेंसी**



### प्रियंका को शिवराज सिंह का जवाब

राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने मनरेगा के तहत रोजगार गारंटी का मुद्दा उठाया और भाजपा की अगुवाई वाली सरकार की ओर से इस योजना को सुनियोजित तरीके से दरकिनार किए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस साल जो बजट आवंटन किया गया है, वह 10 साल में सबसे कम है। उन्होंने न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन करने, कार्यदिवस की संख्या सौ से बढ़ाकर 150 करने की मांग की। वहीं लोकसभा में प्रियंका गांधी ने केरल के किसानों का मुद्दा उठाया व वायनाड की प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों को नुकसान का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार केरल के किसानों के प्रति भी हमदर्दी दिखाए। जवाब में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एनडीआरएफ के तहत आपदा की स्थिति में सहायता उपलब्ध कराई जाती है. केरल को भी 121 करोड़ रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है।

# योगी के निरीक्षण के दौरान सड़क पर सांड, 14 बर्खास्त

**वाराणसी, एजेंसी**



फाइल फोटो

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वाराणसी दौरे में निरीक्षण के दौरान कबीरचौरा क्षेत्र में सड़क पर सांड़ दिखाई दिए जाने पर नगर निगम प्रशासन ने अब कड़ी कार्रवाई की है। लापरवाही बरतने के आरोप में निगम ने दो बेलदारों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, वहीं 14 आउटसोर्स कर्मियों को नौकरी से हटा दिया है। बताया जाता है कि पिछ्ले दिनों जब योगी वाराणसी के दौरे पर थे तब यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था कि प्रस्तावित रूट पर किसी भी हाल में आवारा पशु न दिखें। इसके बावजूद, कबीरचौरा क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान सांड सड़क पर दिखाई दिए, जिससे असहज स्थिति उत्पन्न हो गई।

# पाकिस्तान से आई सीमा हैदर ने बच्ची को जन्म दिया

**नोएडा, एजेंसी**



अपने चार बच्चों को लेकर अवैध रूप से पाकिस्तान से भारत आने वाली चर्चित सीमा हैदर और यहां उनके पति सचिन मीणा एक बार फिर चर्चा में आ गये हैं। आज सुबह सीमा और सचिन के घर बेटी का जन्म हुआ है। सीमा को अपनी बहन मानने वाले सुप्रीम कोर्ट के वकील एपी सिंह ने जानकारी दी कि सीमा मीणा ने एक प्राइवेट अस्पताल में नॉर्मल डिलीवरी के जरिए बेटी को जन्म दिया है। अब आगे हम नामकरण की प्रक्रिया में लोगों से सोशल मीडिया को जरिए नाम के सजेशन लेंगे। बताया जाता है कि बेटी के जन्म से पहले ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में ही सीमा की गोद भराई की रस्म पूरी हुई थी। इस खास मौके पर सीमा के वकील और मुंह बोले भाई एपी सिंह अपनी माता के साथ विशेष रूप से पहुंचे थे। पड़ोस की महिलाओं ने भी गोद भराई के पारंपरिक गीत गाए थे।



# रंगपंचमी कल, बदलेगा मौसम आसमान से भी बरसेंगी फुहारें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र का आधा हिस्सा कल रंगपंचमी को मौसमी परिवर्तन के चलते भीगेगा। भोपाल, इंदौर-उज्जैन संभाग में बादल छाए रहेंगे और बूंदाबांदी होगी, जबकि जबलपुर, ग्वालियर, चंबल, नर्मदापुरम, रीवा, सागर-शहडोल संभाग में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट है। नए सिस्टम के एक्टिव होने से ऐसा मौसम रहेगा। इस दौरान हवा की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। हालांकि, दो साइक्लोनिक सिस्टम की वजह से पिछ्ले 5 दिन से प्रदेश के कुछ जिलों में हल्की बारिश हो रही है, लेकिन 19 मार्च से अगले 3 दिन के लिए मौसम पूरी तरह से बदलने का अनुमान है। पिछ्ले 24 घंटे में पन्ना, टीकमगढ़, सतना, मैहर, सिंगरौली, दमोह, सागर, विदिशा, जबलपुर और छतरपुर जिलों में हल्की बारिश हुई। वहीं, सिंगरौली, सागर, पन्ना में तेज हवा चली । भोपाल समेत कई शहरों में पारा 3 डिग्री से ज्यादा लुढ़क गया। .

**अवकाश सूचना:** कल 19 मार्च को रंगपंचमी पर दोपहर मेट्रो कार्यालय में अवकाश रहेगा।

### सड़क पर वाहनों का लगता लंबा जमावड़ा

# करोड़ों रुपए की लागत से बनी सड़क, बन गई प्लेस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अयोध्या बायपास रोड पर रत्नागिरी तिराहे के पास कारोड़ो की लागत से बनी सर्विस रोड पर जगह-जगह पर अतिक्रमण पसरा हुआ है और सड़क पूरी तरह से वाहनों की अवैध पार्किंग बनी हुई है। जिससे सड़क पर आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। जिसके कारण रहवासी और राहगीरों, वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीयों ने बताया कि सड़क पर यह स्थिति पिछले कई महीनों से बन रही है। ऐसे में जिमेदारों की इस अनदेखी का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। रहवासियों की मानें तो रत्तनागिरी तिराहे से अयोध्या बायपास की ओर जाने वाले रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। किराए के वाहन खड़े किए जा रहे हैं जिससे सड़क काफी संकरी हो जाती है। ऐसे में वाहन चालकों की आवाजाही करने में फजीहत हो रही है। सड़क रेत,गिट्टी और ईंटों से जुड़े कारोबारी और लोडिग वाहन खड़े किए जा रहे हैं। इसको लेकर ना तो निगम का अतिक्रमण अमला कार्रवाई कर रह और ना ही ट्रैफिक पुलिस।



### ट्रैफिक पुलिस और निगम के लिए बन रहे हैं चुनौती

रत्नागिरी तिराहे के स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि सड़क पर से आवागमन करने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही आए दिन सड़क हादसे का भी शिकार हो रहे हैं। अभी हाल में चार दिन पहले भी ईंट से लोड ट्रक ने बाइक पर सवार स्टूडेंट को और उसके पिता को टक्कर मारकर घायल कर दिया था जिसमें लड़की की मौके पर ही मौत हो गई थी बावजूद इसके जिमेदारों द्वारा अयोध्या बायपास रोड पर रत्नागिरी तिराहे की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था को नहीं सुधारा जा रहा है।

# सड़कों से गायब हो रहा सार्वजनिक परिवहन, हजारों लोग हो रहे परेशान

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी की सड़कों पर आमलोगों की सुविधा के लिये दौडाई गई बसें कितनी असुविधा का कारण बन रही हैं यह बात फिर तेजी से उभरी है। दरअसल स?कों से पिछले करीब नौ महीने के अंदर ढाई सौ सिटी बसें गायब बताई जा रही हैं। गत दिवस यह मामला विधानसभा में उठने के बाद अब फिर सुर्ख हो गया है। दरअसल 25 रूट पर चलने वाली 368 बसों में से अभी सिर्फ 11 रूट पर 118 बसें ही दौ? रही हैं। ऐसे में महिला, स्टूडेंट्स और नौकरीपेशा लोगों के लिए परेशानी उठानी प? रही है। हर रोज करीब एक लाख लोग परेशान हो रहे हैं। बताया जाता है कि टिकट कलेक्शन पर विवाद, पेनल्टी और हाईकोर्ट में याचिका दायर होने से ऑपरेटर्स ने इन बसों का संचालन बंद कर दिया। हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने विधानसभा में इस पर सवाल पूछा तो ऐसी कई जानकारी भी सामनें आयीं। उल्लेखनीय है कि अधिकारियों और ऑपरेटरों की साठगांठ की बात पर पर नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विभाग के प्रमुख सचिव द्वारा जांच कराए जाने की बात कही है।

शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में सिटी बसों का संचालन भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड के जरिए चार एजेंसी करती रहीं हैं। इनमें मां एसोसिएट्स, एपी मोटर्स, श्रीदुर्गांबा और आई-मोबिलिटी एजेंसी शामिल हैं। ये एजेंसियां 25 रूट पर बसें चला रही थी। इनमें से सबसे पहले पिछले साल 4 जुलाई को मां एसोसिएट्स ने 149 बसों का संचालन बंद किया था। इसकी वजह इन बसों में टिकिट कलेक्शन करने वाली एजेंसी %चलो एप% की ओर से प्रति किमी दी जाने वाली राशि घटाने की मांग है, लेकिन बीते नौ महीने से बीसीएलएल और निगम के जिम्मेदार इस समस्या का समाधान नहीं निकाल पाए। इसका असर यह रहा कि कई रूट पर बसों में रोजाना सफर करने वाले यात्री परेशान हैं। मामला तब और उलझ गया, जब बीसीएलएल की ओर से नई टिकिट कलेक्शन एजेंसी हायर करने के लिए टेंडर जारी कर दिया। इस मुद्दे पर मां एसोसिएट्स की तरफ से भी हाईकोर्ट में याचिका लगा दी गई। नतीजतन बसों का संचालन पूरी तरह से बंद हो गया। मां एसोसिएट्स ने सभी बसों का संचालन बंद कर दिया। तीन अन्य एजेंसी- एपी मोटर्स, श्री दुर्गांबा और आई मोबिलिटी भी इसी राह पर है। दुर्गांबा एजेंसी का कहना है कि बीसीएलएल के अधिकारियों से लंबे समय से मांग कर रहे थे कि दूसरे रूट पर बसों का संचालन करने दिया जाए, क्योंकि उन्हें पुराने रूट पर घाटा हो रहा है। बावजूद जिम्मेदारों ने कोई रिस्पांस नहीं दिया। दूसरी ओर, आरटीओ से 1 करो? रुपए की पेनल्टी भी लगा दी गई, लेकिन बीसीएलएल ने हाईकोर्ट में हमारी तरफ से पक्ष ही नहीं रखा। इस कारण रूट से बसों का संचालन बंद हो रहा है। अप्रैल-मई में 39 बसों का संचालन भी बंद कर देंगे। दोनों रूट का एग्रीमेंट का समय इतना ही है। एग्रीमेंट बढ़ाने के लिए भी बीसीएलएल ने कोई पहल नहीं की।

उल्लेखनीय है कि इन बसों के जरिये दैनिक कामकाज के लिये हजारों लोग रोज सफर करते हैं। इनमें बाहर से आने वाले नौकरपेशा से लेकर मजदूर वर्ग तक शामिल हैं। लेकिन बसों के परिचालन में नियमितता नहीं होने से अक्सर यह लोग परेशान रहते हैं।

### सिटी बसों का मामला, अफसरों व ऑपरेटर्स की साठगांठ पर होगी जांच

## देवनारायण कथा



**भोपाल.** नीलबड़ सांवरिया मैरिज गार्डन में देवनारायण कथा का आयोजन किया।

## कोलार रोड में कई स्थानों पर गायब हुए पानी के मीटर, लगेगा जुर्माना

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

उपनगर में कई कॉलोनियों में तीन-चार साल पहले लगाए गए पानी के मीटर गायब हो गए हैं। कई स्थानों पर इन्हें जानबूझकर गायब किया गया है। ऐसे में अब शिकायत सामने आने के बाद जल्द ही पानी के मीटर की जांच को लेकर एक बड़ा अभियान शुरू किया जाने वाला है। दरअसल, नगर निगम को लगातार शिकायतें मिल रही है कि कोलार के कई इलाकों में लोगों ने पानी का मीटर निकाल दिया है या उनका मीटर खराब हो गया है। ऐसे में अब प्रशासन जल्द ही बिलिंग के नाम पर खुद जांच पड़ताल करेगा और जहां पानी का मीटर गायब मिलेगा। वहां पर मीटर लगने तक हर महीने 100 रुपए का जुर्माना लगाएगा। नगर निगम के जोन 18 यानी कोलार रोड अंतर्गत आने वाले वार्ड 80, 82 और 83 में करीब 8000 पानी के कनेक्शन दिए गए हैं।

## रोजा इफ्तारी



**भोपाल.** वक्त बोर्ड में रोजा इफ्तारी करते हुए बोर्ड के अध्यक्ष के साथ शहर के धर्मगुरु भी उपस्थित हुए। *-फोटो निर्मल व्यास*

# पुलिस ने 10 गुम हुए मोबाइल ढूंढकर सुपुर्द किए

### शिकायत के बाद सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से हासिल किए

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

बैरागढ़ थाना क्षेत्र में खोए हुए 10 मोबाइल पुलिस ने सोमवार को उनके मालिकों के सुपुर्द कर दिए हैं। खोने की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने के आईएमइआई नंबर से सर्चिंग पर डाला था। मोबाइल मिलने पर लोगों ने कहा, उम्मीद नहीं थी।

बैरागढ़ थाना प्रभारी अशोक गौतम ने बताया कि बैरागढ़ थाने में मोबाइल गुम होने की शिकायतें आई थीं। गुम हुए मोबाइलों के आईएमइआई नंबर लेकर उन्हें सर्विलांस पर डाला गया था। मिलने और इन मोबाइलों की खोज की गई खोज में लगभग 10 मोबाइल मिले हैं जिन्हें लोगों के सुपुर्द कर दिया गया। इन मोबाइलों की कीमत दो लाख रूपये है। गौतम ने बताया कि यह मोबाइल बैरागढ़ साइबर डेस्क ने दूरसंचार विभाग के द्वारा संचालित केन्द्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर के माध्यम से जब्त करने में कामयाबी हासिल की है। यह मोबाइल माह फरवरी में खोए थे, जो सैमसंग, रियलमी, विवो, ओप्पो व अन्य कंपनियों के हैं, उन्हें सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से सर्च किया गया। गौतम ने बताया कि मोबाइलों के मालिकों को फोन कर थाने बुलाया गया था। कोई मोबाइल मजदूरी करने वाले विकलांग शख्स का था, कोई स्टूडेंट्स का, ड्राइवर का तो कोई महिलाओं का। सुपुर्दगी की प्रक्रिया पूरी करने के बाद मोबाइलों को दिया गया है। जिन लोगों के मोबाइल गुम हुए थे वह संतनगर और उसके आसपास के क्षेत्रों के रहने वाले लोगों के हैं। सभी को कागजाई कार्रवाई करने के बाद मोबाइल के लॉक खोलकर दे दिए गए हैं। मोबाइल ढूंढने में प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र बाथम, इमरान वेग, महिला आरक्षक जैनिश कुरैशी की भूमिका रही।



### दो पेटी अवैध शराब जब्त की

बैरागढ़ पुलिस ने रविवार रात संतजी के कुटिया के पास से दो पेटी अवैध शराब जब्त की है। मामले में एक गिरफ्तारी की गई है। शराब की कीमत करीब 18 हजार 500 रूपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही परिवहन के लिए इस्तेमाल किया जा रहा दो पहिया वाहन भी जब्त किया है। आरोपी को जमानत पर छोड़ दिया गया है।

# शहर की सड़कें और ब्रिज सवालों के घेरे में, निर्माण गुणवत्ता के मानक पर फेल

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

लोक निर्माण विभाग की सड़के और ब्रिज सवालों के घेरे में है। विभाग का हर निर्माण गुणवत्ता के मानक पर फेल हो रहा है। चीफ इंजीनियर स्तर से शुरू की गई मॉनिटरिंग व जांच के बाद कार्रवाई में ये स्थिति सामने आई है। बीते चार माह में ही करीब सात इंजीनियरों को घर का रास्ता दिखाया जा चुका है। इसमें से दो भोपाल के हैं।

### ऐसे समझें स्थिति

आंबेडकर ब्रिज में सरफेस पर गड़बड़ी मिली। प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई की जांच के बाद दो इंजीनियरों को निलंबित किया था। भोपाल देवास मार्ग में 20, 23, 24 व 25 किमी में सरफेस पर क्रेक मिले थे। इसमें डिवाइडर में पेंटिंग, साइन बोर्ड, शोल्डर तय मानक के अनुसार नहीं मिला। इसमें दो इंजीनियर निलंबित किए थे।



### भोपाल में ये है स्थिति

- कोलार सिक्सलेन प्रोजेक्ट की रोड का लोकार्पण होना है। 15 किमी लंबी व 305 करोड़ रुपए लागत की रोड में कई जगह क्रेक नजर आ रहे हैं।
- बावड़िया ब्रिज शुरू हुए को अभी तीन साल ही हुए, लेकिन यहां सीसी पर लंबे क्रेक है। इसे मरम्मत कर चलाया जा रहा।
- पुराने शहर की हमीदिया रोड समेत संबंधित सड़कों का निर्माण चल ही रहा है, लेकिन इन पर भी क्रेक नजर आ रहे।
- हिनोतिया आलम से सेमरी रोड पर नहर के लिए बनाई डक्ट धंस रही है। रोड पर भी क्रेक है।

**मेट्रो एंकर**

### भाजपा कार्यकर्ताओं संग विधायक ने जमकर खेली होली

# त्योहार हमें हमारी जड़ों से जुड़ने के अवसर: रामेश्वर

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम मंडल, गांधी नगर मंडल एवं फंदा मंडल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रंगों और गुलाल से सराबोर इस आयोजन में होली के गीतों और ढोल-नगाड़ों की धुन ने माहौल को उल्लासमय बना दिया। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समाज के गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय निवासियों ने इसमें भाग लिया और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं।

विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। शर्मा ने कहा कि हमारी सनातन परंपरा के पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने, धर्म और संस्कृति को आगे बढ़ाने का माध्यम भी हैं। शर्मा ने कहा कि हमारे त्योहार हमारी जड़ों से जुड़ने का अवसर भी होते हैं।




उन्होंने कहा कि हमारी सनातन परंपरा ने हर त्योहार को समाज से जोड़ने और धार्मिक-सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का माध्यम बनाया है। हमें अपने बच्चों को इन परंपराओं से जोड़ना होगा, ताकि वे भी अपनी गौरवशाली विरासत को समझें और आगे बढ़ाएं।

### संस्कृति को बचाने का संकल्प

विधायक शर्मा ने कहा कि हमारी आस्था, परंपराएँ और त्योहार ही हमारी असली शक्ति हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपने पारंपरिक त्योहारों को पूरी श्रद्धा, उमंग और गौरव के साथ मनाएँ। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमें जो विरासत सौंपी है, वह अमूल्य है। हमें इसे बचाकर रखना है और अपने आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना है।

### गुलाल उड़ा, लोक गीतों पर थिरकें

होली समारोह में गुलाल उड़ाकर, ढोल की थाप पर थिरकते हुए और लोकगीतों पर झूमते हुए कार्यकर्ताओं ने विधायक रामेश्वर शर्मा के साथ होली खेली। हर ओर होली है की गूंज सुनाई दी और रंग-बिरंगी खुशियों से भर गया।

# नहीं बनी प्लानिंग वाली रोड, अधूरी सड़क से आने की मजबूरी

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

शहर के रोहित नगर और गुलमोहर इलाके में सैकड़ों रहवासियों व वाहन चालकों को कच्चे रास्ते से आवाजाही करने में परेशानी उठानी पड़ रही है। दरअसल, कुछ साल पहले कलियसोत माइनर केनाल से रोहित नगर फेस-टू मार्ग को फोरलेन किया गया था। यह डामर का मार्ग बनाया गया, लेकिन शुरुआत में करीब 50 फीट के एरिये को कच्चा ही छोड़ दिया गया है। इससे यहां से गुजरने वाले लोगों को बहुत परेशानी उठानी पडती है। सबसे ज्यादा परेशानी रात के वक्त में हो रही है। अंधेरा होने के कारण एकाएक पक्की सड़क के बाद कच्ची सड़क आने से वाहन चालक को झटका लगता है और वे कई बार वाहन सहित गिर जाते हैं। ऐसे में यहां के सैकड़ों रहवासियों की मांग है कि लोक निर्माण विभाग को इस अधूरी सड़क को पूर्ण करना चाहिए। स्थानीय रहवासी महेंद्र सिंह राजपूत का कहना है कि यदि यहां पर कोई विवाद की स्थिति है, तो जिमेदार अफसरों को बिना विवाद वाले क्षेत्र में ही सड़क बनानी चाहिए। इस मार्ग से आवाजाही करने के दौरान सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं और लड़कियों को हो रही है। कच्चे मार्ग में वे चोटिल हो रहे हैं।

### लोक निर्माण विभाग ने पक्का नहीं किया 50 फीट का रास्ता

## सीएम ने टीम के साथ ओपन थिएटर में देखी छावा...



भोपाल,दोपहर मेट्रो। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, उप मुख्यमंत्री ने सोमवार को प्रदेश शासन के मंत्रीगणों, पार्टी पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं एवं विधायकों के साथ होटल लेक व्यू अशोका के ओपन थिएटर में ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर निर्मित फिल्म 'छावा' देखी। - फोटो निर्मल व्यास

## ... और इधर पूर्व सीएम ने अपने निवास पर दिया डिनर



भोपाल,दोपहर मेट्रो। पूर्व सीएम कमलनाथ ने बीती रात अपने निवास पर कांग्रेस विधायकों को डिनर दिया और सभी के साथ लंबी गपशप की।

### करोड़ों रुपए की वन संपदा आग में खाक

# ...दावे फेल, आग के हवाले अपने जंगल!

**देश के साथ ही प्रदेश में अभी मौसम सही ढ़ग से बदला भी नहीं है गर्मी के एक झटके ने इन इंतजामों की पोल खोल दी। कई जगह जंगल आग की भेंट चढ़ रहे हैं**

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

गर्मी शुरू ही हुई है कि जंगल आग से धधकने लगे है। यह हाल तब है जब सरकार का वन महकमा यह दावा करते रहा कि उनके पास आग से निपटने के पर्याप्त इंतजाम है। गर्मी के एक झटके ने इन इंतजामों की पोल खोल दी। जगह–जगह जंगल आग की भेंट चढ़ रहे हैं। करोड़ों रुपये की वन संपदा बर्बाद हो चुकी है। अभी गर्मी बाकी है, तब तक बचा हुआ वन भी आग की भेंट चढ़ना तय है।



### कहां–कहां आग?

खंडवा, बैतूल,भोपाल, सीहोर के जंगलों में कई जगह आग लगी है। ये जंगल धधक रहे हैं। जंगल के अंदर इस पर काबू पाने वाला पूरा सिस्टम ध्वस्त है। जबकि वन विभाग के अधिकारी दावा करते हैं कि उनके पास आगे से जंगल को बचाने व निगरानी के लिए हाईटेक संसाधन है, वन समितियों के सदस्यों को इसके लिए प्रशिक्षित करके रखा गया है।

### ये हैं जिम्मेदार

आग के लिए सबसे पहले तो वन विभाग जिम्मेदार बताया जा रहा है। फिर वनों से वन संपदा एकत्रित करने वाले ऐसे लोग जिम्मेदार बताए जा रहे हैं जो पेड़ों के नीचे सफाई करने के नाम पर आग लगा देते हैं। इस आग लगाने के कारणों को रोकना जरूरी है।

### यह नुकसान

- जंगल के पेड़–पौधे इस समय पानी की कमी से बुरी तरह जूझ रहे हैं। आग के कारण तापमान बढ़ जाता है, इसके कारण पेड़ सूख जाते हैं। तेज आग में चलकर खत्म हो रहे हैं।
- वनों में पाए जाने वाले वन्य प्राणी जैसे बाघ, तेंदुए, भालू, हिरण, सांभर सहित अन्य आग से दूर भागते हैं और कई बार हादसों का शिकार होते हैं। जब ये आबादी तक पहुंचते हैं तो आवारा कुत्ते व शिकारियों से इन्हें जान का खतरा होता है।
- जंगल में कई तरह की वनस्पतियां होती हैं, इनके पौधे काफी छोटे और झाड़ीनुमा होते हैं, जो आंग की भेंट चढ़ रहे हैं।
- वन क्षेत्रों में हर साल पौधे लगाए जाते हैं, जिन पर सरकार करोड़ों रुपये खर्च करती है। ये पौधे सूख जाते हैं, करोड़ों का नुकसान होता है।

# आदिवासी की मौत मामले में हंगामा होने के बाद दिए मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

## मृतक की पत्नी को 10 लाख रुपए की सहायता भी देगी सरकार

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**



मंडला में आदिवासी हीरन बैगा की मौत पर विधानसभा में हुए हंगामे के बाद सरकार ने जांच के आदेश कर दिए है। मामले की मजिस्ट्रियल जांच होगी। सरकार ने इसके लिए 11 बिंदु तय किए है, जिन पर जांच आगे बढ़नी है। उक्त जांच का जिम्मा मंडला के संयुक्त कलेक्टर जेपी यादव को सौंपा है।

बता दें कि हाल में नक्सल विरोधी अभियान के तहत कार्रवाई के लिए पुलिस और एजेंसी निकली थी। जिसमें एक नक्सली को मार गिराने के दावे किए गए थे। बाद में पता चला कि जिसे मौत के घाट उतारा गया वह तो आम आदिवासी था। जब यह बात बाहर निकली तो हंगामा हो गया।

स्थानीय स्तर पर आदिवासी समाज में आक्रोश है, उसका असर सोमवार को विधानसभा के अंदर भी दिखा। विपक्ष ने सत्ता पक्ष से पूछा कि फर्जी एकाउंटर क्यों किया, इसकी क्या जरुरत पड़ी, आदिवासियों को मौत के घाट क्यों उतारा जा रहा है। ऐसे कई सवाल विपक्ष की ओर से ओमकार सिंह मरकाम व अन्य ने किए।

### इन बिंदुओं पर की जानी है एक माह में जांच

- पुलिस पार्टी की सूचना का स्त्रोत क्या था?
- क्या दी गई सूचना पूर्ण रूप से सही पाई गई?
- क्या मृतक चिन्हित नक्सली था?
- क्या पुलिस के जवानों ने उन्हें चेतावनी दी?
- क्या उनके द्वारा पहले फायरिंग शुरू की?
- क्या फायरिंग के अलावा उन्हें बंधक बनाने का विकल्प मौजूद था?
- फायरिंग के समाप्ति के बाद पुलिस पार्टी के द्वारा क्षेत्र की तलाशी कब की गई एवं तलाशी के दौरान क्या-क्या पाया गया?
- मृतक की पहचान कैसे की गई?
- क्या पोस्टमार्टम समयावधि एवं सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में किया गया?

उधर शाम होते होते मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश जारी कर दिए। ये भी निर्देश दिए कि मृत्यु के कारण, मर्ग रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर स्पष्ट अभिमत दें।

## 1 अप्रैल से बीयू की यूजी की परीक्षाएं, दो लाख विद्यार्थी होंगे शामिल, आवेदन प्रक्रिया पूरी, केंद्रों के लिए निर्देश जारी

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने स्नातक (यूजी) की प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार, बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी (होम साइंस), बीए मैनेजमेंट, बीबीए, बीसीए, बीपीईएस के प्रथम वर्ष और तीसरे वर्ष की परीक्षाएं एक अप्रैल से शुरू होंगी। इन परीक्षाओं में करीब दो लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। बीयू प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों की आवेदन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं। बीयू प्रशासन के अनुसार संबद्ध सभी कॉलेजों के प्राचार्य व केंद्र अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा केंद्र पर हर परीक्षार्थी की तलाशी ली जाए। बीयू से संबद्ध कॉलेजों के लिए इस बार परीक्षाओं के दौरान नकल पर रोक के लिए बीयू ने बड़ी संख्या में उड़नदस्ते तैयार किए हैं। यह टीमें परीक्षा केंद्रों पर नकल राकने के लिए जांच करेंगी। प्रतिबंधित सामग्री जैसे किताबें, गाइड, मोबाइल, नकल की पर्ची, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि को बाहर ही जमा कराई जाएंगी। यदि परीक्षा हॉल में विद्यार्थी के पास नकल सामग्री मिली तो अनुचित साधन प्रतिवेदन फार्म पर जानकारी भरकर परीक्षार्थी से हस्ताक्षर करा लिए जाएं। अनुचित साधन फार्म पर वीक्षक या केंद्राध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षर कराकर उत्तर पुस्तिका को पैकेट में बंद कर विवि को भेजे जाएं। नकल करते पकड़ाया तो कॉपी जब्त कर विवि को भेजी जाएगी और परीक्षा निरस्त की जा सकती है।

## सफल उपचार की कहानियां माता और पिता के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैंः डॉ. गिरीश चंद्र भट्ट

**एम्स में बच्चों में किडनी रोगों से प्रभावित परिवारों के लिए हुआ विशेष कार्यक्रम**

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**




राजधानी स्थित एम्स के बालरोग विभाग द्वारा विश्व किडनी सप्ताह के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए पेंटिंग, डांस और फैशन शो जैसी सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ स्वास्थ्यकर्मियों के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सीनियर रेजिडेंट, जूनियर रेजिडेंट और नर्सिंग अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में बालरोग विभाग के सभी संकाय सदस्यों समेत लगभग 150 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. (डॉ.) अजय सिंह द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा, दुनिया भर में हर 10 में से 1 व्यक्ति किसी न किसी रूप में क्रोनिक किडनी रोग से पीड़ित है। यदि समय रहते इसकी पहचान की जाए, तो गुर्दे के स्वास्थ्य की रक्षा की जा सकती है। बालरोग नेफ्रोलॉजी डिवीजन के विशेषज्ञ डॉ. गिरीश चंद्र भट्ट ने अभिभावक सहायता समूह के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह समूह किडनी रोग से पीड़ित बच्चों के माता-पिता को भावनात्मक समर्थन और महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है, जिससे वे मानसिक तनाव को कम कर अपनी चिंताओं को साझा कर सकते हैं। सफल उपचार की कहानियां माता-पिता के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं।

## 12वीं की परीक्षा में बने 10 नकल प्रकरण, सर्वाधिक सागर जिले में 5 किए गए दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं जारी हैं। 12वीं की परीक्षा में सोमवार को 10 विद्यार्थी प्रदेश में नकल करते हुए पकड़े गए हैं। इसमें सर्वाधिक पांच नकल प्रकरण सागर जिले में बने हैं। सोमवार को 12वीं कक्षा के रसायन शास्त्र, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, एली. ऑफ साइंस एंड मैथेमेटिक्स यूजफुल फॉर एग्रीकल्चर एवं अन्य विषयों के पेपर थे। इसमें सागर में 5 सहित ग्वालियर, दमोह, सतना, मंदसौर और इंदौर में एक-एक नकलची पकड़े गए हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पिछले हफ्ते 10वीं की परीक्षा में गुरुवार को 26 नकल प्रकरण बने थे। इनमें अकेले 23 मामले केवल मंडला में बने थे। किसी एक पेपर में इस साल के ये सबसे ज्यादा प्रकरण हैं। राजधानी के 103 केन्द्रों पर करीब 30 हजार स्टूडेंट परीक्षा में शामिल हुए हैं। उल्लेखनीय है कि, दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं में इस बार करीब 16.60 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। इस साल हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) परीक्षा में 9 लाख 53 हजार 777 विद्यार्थी और 12वीं में करीब 7 लाख 6 हजार 475 विद्यार्थी शामिल हो रहे।

**मेट्रो एंकर** 7 से बढ़कर 9 हुई टाइगर रिजर्वों की संख्या, इसलिए केंद्र से बाघ संरक्षण के लिए मिलने वाली राशि में इजाफा तय

# बाघों के संरक्षण में मध्य प्रदेश को अब केंद्र से बड़ी आस, संरक्षण करने के लिए फंड का बढ़ना तय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बाघ संरक्षण के लिए अब केंद्र से मप्र की उम्मीदें बढ़ गई है। आने वाले दिनों में केंद्र से बाघ संरक्षण के नाम पर बड़ी राशि मिलेगी।

मप्र ने इसके लिए काम भी शुरू कर दिया है। हाल में रिजर्व घोषित रातापानी व माधव टाइगर रिजर्व के लिए बाघ संरक्षण योजना बनाने का काम शुरू कर दिया है।



### आगामी 10 वर्षों की जरुरतों को ध्यान में रखकर प्लान

उल्लेखनीय है कि किसी भी टाइगर रिजर्व के लिए 10 वर्ष का बाघ संरक्षण प्लान बनाना होता है, इसमें उन सभी बातों का जिक्र होता है जो कि उक्त रिजर्व के लिए लागू होती है। अर्थात रिजर्व की आगामी 10 वर्षों की जरुरतों को ध्यान में रखकर उक्त प्लान बनाना होता है, जिसमें रिजर्व की जरुरतों के साथ–साथ उसे पूरा करने की रणनीति भी होती है। ऐसे सभी बातों पर खर्च किए जाने वाली प्रस्तावति राशि के बारे में जिक्र होता है। यह प्लान राष्ट्रीय बाघ संरक्षा प्राधिकरण को भेजा जाना होता है, जहां से अप्रूवल के बाद उस पर काम शुरू होता है।

### प्लान के बनने के बाद मप्र को मिलने वाली राशि एनटीसीए देगा

रिजर्व से जुड़े रिटायर्ड अधिकारियों का कहना है कि उक्त प्लान के बनने के बाद मप्र को मिलने वाली राशि बढ़ जाएगी। यह राशि एनटीसीए द्वारा दी जाती है। एक अनुमान के तहत प्रत्येक रिजर्व के लिए 10 से 15 करोड़ रुपये दिए जाते है। खासकर जब रिजर्व नए घोषित होते हैं तो उनकी जरुरतें भी कई होती है। यह राशि रिजर्व के अंदर से आबादी को बाहर शिफ्ट किए जाने के अतिरिक्त् होती है।

उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2024 में रातापानी वन्यजीव अभयारण्य को और मार्च 2025 में माधव नेशनल पार्क को रिजर्व घोषित किया है।



## संपादकीय

### पडोसी से मुलाकात और 8 समझौतों पर बनी बात

भारत के कई पड़ोसी देशों के साथ कई तरह के जुड़ाव हैं। इनमें संस्कृति से लेकर विचार और व्यवसाय तक शामिल हैं। इसलिए पड़ोसी देशों के शीर्ष नेता आपस में मिलते हैं तो कई तरह की नई उम्मीदों का आगाज भी होता है। इस मायने में मॉरीशस का जिक्र अहम है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय मॉरीशस यात्रा ने दोनों देशों के करीबी रिश्तों के अतीत, वर्तमान और भविष्य से जुड़े तमाम पहलुओं को बेहतरीन ढंग से रेखांकित कर दिया है। इस दौरान दोनों देशों के बीच हुए आठ समझौते भी बेहद अहम हो गये हैं। पीएम मोदी को वहां के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा जाना भी खास है। लेकिन ये सब उन रिश्तों के अच्छे फल मात्र हैं, जिनकी जड़ें दोनों देशों की समान सांस्कृतिक और औपनिवेशिक पृष्ठभूमि से ताकत लेते हुए उन्हें वर्तमान और भविष्य की साझा दृष्टि से लैस करती हैं। इस साझा सांस्कृतिक विरासत का एक बड़ा आधार है मॉरीशस के समाज के बड़े हिस्से का भारतीय मूल का होना। करीब 13 लाख आबादी वाले इस द्वीपीय देश में करीब 70 प्रतिशत लोग तो भारतीय मूल के ही हैं। इसी से जुड़ा दूसरा अहम पहलू यह है कि मॉरिशस भी गुलामी के खिलाफ लंबे संघर्ष से गुजर चुका है। 1968 में ब्रिटेन से आजादी हासिल करने के बाद भी देश के एक हिस्से पर संप्रभुता कायम करने की उसकी जद्दोजहद हाल तक चलती रही। ब्रिटेन ने मॉरीशस की आजादी के बाद भी उसके एक द्वीपसमूह चागोस पर अपनी संप्रभुता बनाए रखी थी। लंबी कशमकश के बाद पिछले साल उसने चागोस पर मॉरीशस की संप्रभुता को मान्यता देना स्वीकार कर लिया, इस शर्त के साथ कि उसके एक हिस्से, डिएगो गार्सिया द्वीप पर अगले 99 साल तक उसका कब्जा बना रहेगा। गौरतलब है कि डिएगो गार्सिया में अमेरिका-ब्रिटेन का सैन्य अड्डा है। इस लंबी कशमकश के दौरान भारत मॉरिशस के संघर्ष में उसके साथ बना रहा और न सिर्फ पीएम मोदी ने यात्रा के दौरान इस तथ्य को रेखांकित किया बल्कि मॉरिशस के प्रधानमंत्री रामगुलाम ने भी इसे दोनों देशों की दोस्ती का एक पुख्ता प्रमाण बताया। पीएम मोदी की यह यात्रा दस वर्षों के अंतराल पर हुई और इसमें द्विपक्षीय रिश्तों की बेहतरी इस रूप में भी व्यक्त हुई कि तब भारत का जो विजन उन्होंने सागर (सिक्यॉरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन) के रूप में प्रकट किया था, वह अब महासागर (म्युचुअल एंड होलिस्टिक एडवांसमेंट फॉर सिक्यॉरिटी एंड ग्रोथ अक्रॉस रीजंस) का रूप ले चुका है। सका असर स्वाभाविक ही सहयोग और साझेदारी के तमाम रूपों पर नजर आ रहा है। खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की आक्रामकता के मद्देनजर भारत इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट के साथ ही सुरक्षा पहलुओं पर भी खासा ध्यान दे रहा है।इसीलिये मारीशस यात्रा के जो फलितार्थ हैं वे दूरगामी सिध्द होंगे। भारत की ताकत और उसकी महत्ता को दुनिया के शक्तिशाली देश भी महसूस करते हैं,इसीलिये आज के दौर में भारत की हैसियत ऐसी है कि वह किसी भी मामले में अपनी स्वतंत्र राय रखता है और दुनिया गौर से उसे सुनती समझती है। जहां तक मॉरीशस का संबंध है तो भारत के लिये इस देश के साथ दोस्ताना रिश्ते बहुत जरूरी भी है और उससे ज्यादा जरूरी खुद मारीशस के लिये हैं। इसकी ताकत दूसरे देश भली भांति महसूस कर सकते हैं।

# सुपर पावर बनने के लिए सुपर स्वस्थ भारत बनाने के प्रयासों के साथ चुनौतियां

■ आलोक मेहता



पिछले एक दशक में भारत में स्वास्थ्य सेवा पर होने वाले ख़र्च में लगातार क्रमानुगत वृद्धि हुई है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत यानी सुपर पावर संपन्न देशों की तरह 2047 तक भारत को सशक्त बनाए जाने का अभियान चला रहे हैं। इसमें शिक्षा स्वास्थ्य और सुरक्षा सबसे बड़े मुद्दे हैं। इस लक्ष्य के लिए चुनौतियां भी कम नहीं हैं। सशक्त भारत के लिए स्वस्थ भारत पहला चरण है। इसी अभियान के तहत दिल्ली की नई सरकार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) को लागू करने के लिए 18 मार्च को नेशनल हेल्थ अथॉरिटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है। इसके साथ ही दिल्ली स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू करने वाला 35वां राज्य/केंद्र शासित प्रदेश बन जाएगा। पश्चिम बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य रहेगा जिसने इस योजना को नहीं अपनाया है। दिल्ली की पिछली आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली सरकार ने एबी-पीएमजेएवाई को लागू करने से इनकार कर दिया था। एबी-पीएमजेएवाई भारत की आबादी के आर्थिक रूप से कमजोर 40 प्रतिशत हिस्से में शामिल 12.37 करोड़ परिवारों के साथ लगभग 55 करोड़ लाभार्थियों को सेकेंडरी और टेरिटरी हॉस्पिटल में भर्ती होने की स्थिति में प्रति परिवार, हर साल पांच लाख रुपये का हेल्थ बीमा कवर प्रदान कराती है। प्रारंभिक तौर पर प्राप्त सूचना के मुताबिक, पहले चरण में दिल्ली सरकार की ओर से छह लाख लोगों को लाभार्थी बनाया जा रहा है। इसके अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। साथ ही दिल्ली में 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्गों को भी इस योजना का लाभ मिलेगा।

एबी पीएम-जेएवाई न केवल दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य कवरेज योजना है, बल्कि अवधारणा के बाद से लागू होने वाली सबसे तेज़ योजना भी है ।यह योजना पूरी तरह से डिजिटल है और भारत की लगभग 45 प्रतिशत आबादी को कवर करती है।प्रधान मंत्री ने अक्टूबर 2024 में आयुष्मान वय वंदना कार्ड लॉन्च किया, जिससे 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 6 करोड़ लोग लाभान्वित होंगे।सरकार ने बताया है कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 31 जनवरी 2025 तक 8.5 करोड़ से अधिक उपचार करवाये हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने राज्यसभा में यह जानकारी दी है। आयुष्मान भारत योजना 4.2 करोड़ इलाज सरकारी अस्पतालों में और 4.3 करोड़ इलाज निजी अस्पतालों में कराये गये हैं।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेन में बताया था कि हम भारत में स्वास्थ्य को विकास के केंद्र के रूप में और विकास को अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की कुंजी के रूप में देखते हैं। हाल के वर्षों में, हमारी कई वैश्विक पहल स्वास्थ्य सुरक्षा के इर्द-गिर्द घूमती रही हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां भारत पहला उत्तरदाता, विकास भागीदार, आपूर्ति श्रृंखला की कड़ी, स्वास्थ्य समाधान प्रदाता, ज्ञान केंद्र और कई मायनों में एक आदर्श रहा है। भारत ने 78 देशों में 600 से अधिक महत्वपूर्ण विकास परियोजनाएं शुरू की हैं। इनमें से कई स्वास्थ्य क्षेत्र में हैं। इसके समानांतर, निजी स्वास्थ्य उद्योग ने भी विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में सुविधाओं और क्षमताओं में योगदान दिया है ।

भारतीय चिकित्सा जगत 2025 में परिवर्तनकारी विकास के शिखर पर होगा।प्रसिद्ध स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. तामोरिश कोले ने इस बात का दावा किया है। उन्होंने कहा कि, स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र प्रौद्योगिकी में प्रगति, नीतिगत सुधारों और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के प्रति प्रतिबद्धता से प्रेरित है.। आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) जैसे कार्यक्रम अपनी पहुंच का विस्तार कर रहे हैं। साथ ही निवारक स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ऐसा करके हाशिए पर पड़ी आबादी की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं।कोले ने कहा कि, राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन (एनडीएचएम) के नेतृत्व में प्रौद्योगिकी से टेलीमेडिसिन, एआई और पहनने योग्य उपकरणों के माध्यम से शहरी-ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के अंतर को पाटने की उम्मीद है।

अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन चिकित्सा संघ की नैदानिक अभ्यास समिति के अध्यक्ष कोले ने कहा कि, पीएम-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन जैसी बुनियादी ढांचा पहल टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने, असमानताओं को कम करने और उन्नत देखभाल तक पहुंच में सुधार करने के लिए तैयार हैं। इसके साथ ही, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों को बेहतर बनाने और चिकित्सा शिक्षा का विस्तार करने के प्रयासों का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा कार्यबल को मजबूत करना है, इसे वैश्विक मानकों के साथ अलाइन करना है।भारत की स्वास्थ्य सेवा रणनीति गैर-संचारी रोगों के बढ़ते बोझ से निपटने के लिए निवारक और प्राथमिक देखभाल पर जोर देती है, जिसे टीकाकरण अभियान, पोषण कार्यक्रम और मानसिक स्वास्थ्य पहलों द्वारा समर्थित किया जाता है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2023-24 के लिए अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि आयुष्मान भारत, यू-विन (सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम-विन), भारत का राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी), राष्ट्रीय एड्स और एसटीडी नियंत्रण कार्यक्रम (चरण-वी), मिशन परिवार विकास, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम), राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनटीएमएचपी) सहित अन्य ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ी सफलता दर्ज की है। भारत में चिकित्सा शिक्षा का जिक्र करते हुए मंत्रालय ने कहा कि, 2013 से14 में 387, 2024 से 25 में 780 (सरकारी-431, प्राइवेट- 349) तक मेडिकल कॉलेजों में 101.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. इसके अलावा, एमबीबीएस सीटों में 2014 से पहले 51,348 से 130 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. वर्तमान में यह 1,18,137 हो गई हैं. पीजी सीटों में भी 2014 से पहले 31,185 से 134.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और अब 73,157 हो गई हैं।मंत्रालय ने कहा, ÷नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए केंद्र प्रायोजित योजना के तहत तीन चरणों में 157 मेडिकल कॉलेजों की स्थापना को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 131 कार्यरत हैं और शेष कुछ वर्षों में कार्यरत हो जाएंगे. इन 157 कॉलेजों में से 40 देश के आकांक्षी जिलों में बनाए जा रहे हैं, जिससे चिकित्सा शिक्षा में असमानता के मुद्दों का समाधान होगा।

भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने हेतु ?95,957.87 करोड़ का आवंटन किया है, जो पिछले वर्ष ?86,582.48 करोड़ से थोड़ा अधिक है। यह स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक बड़ा कदम है, जिसमें सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार, विकास और रखरखाव के लिए आवश्यक वित्तीय प्रावधान किए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बजट में देश की स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की है। सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लिए ?9,406 करोड़ का बजट निर्धारित किया है। इसके तहत गरीब और जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन को ?4,200 करोड़ का आवंटन किया गया है, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं के ढांचे को और बेहतर बनाया जा सके। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ( के लिए ?37,226.92 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। इसके अलावा राष्ट्रीय टेली मेंटल हेल्थ प्रोग्राम के लिए ?79.6 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जो मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल रूप से प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

सरकार ने 2025-26 के दौरान 200 नए कैंसर केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई है। इससे कैंसर के इलाज में सुधार होगा और अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचेंगी। इसके साथ ही, अगले तीन वर्षों में सभी जिला अस्पतालों में डेकेयर कैंसर केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे दूर-दराज के क्षेत्रों में भी कैंसर के इलाज की सुविधा मिल सकेगी।

मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में भी इस बजट के तहत महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। वित्त मंत्री ने बताया कि अगले वर्ष 10,000 अतिरिक्त सीटें मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में जोड़ी जाएंगी। इसके साथ ही, सरकार का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में 75,000 मेडिकल सीटें जोड़ने का है। पिछले 10 वर्षों में लगभग 1.1 लाख अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सीटों में 130 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जो चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा सुधार है। इस प्रकार, सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए एक मजबूत और समग्र स्वास्थ्य प्रणाली की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन प्रावधानों से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि देश में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और इंफ्रास्ट्रक्चर में भी बड़ा सुधार होगा।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत ही 70 साल या उससे ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को अच्छी मेडिकल सुविधा देने के उद्देश्य से साल 2024 में ही आयुष्मान वय वंदना कार्ड की शुरुआत की गई थी। इस कार्ड को बनवाने के फायदे हैं कि लाभार्थी देशभर के किसी भी अस्पताल में 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करा सकता है। भले ही उनकी सालाना आय कुछ भी हो। एक अनुमान के मुताबिक देश में 6 करोड़ से ज्यादा 70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग हैं। देश में आयुष्मान भारत योजना के लागू होने के करीब छह साल बाद तक ओडिशा, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में इसे लेकर विरोध रहा, लेकिन ओडिशा में भाजपा की सरकार आते ही राज्य ने इसे हरी झंडी दे दी

केंद्र सरकार ने 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को , उनकी आय चाहे जो भी हो, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के कवरेज का विस्तार करने का फैसला किया है, जिससे लगभग 60 मिलियन लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य कवरेज का एक छोटा सा हिस्सा प्रदान किया गया है। दुनिया में सबसे अधिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए भारत में जेब से खर्च के साथ, यह निर्णय वास्तव में प्रशंसनीय है।

अमेरिका में, मुख्य रूप से बीमा-आधारित योजनाओं पर निर्भर रहने के कारण स्वास्थ्य सेवा की लागत में वृद्धि हुई। भारत अमेरिका के रास्ते पर चलता दिख रहा है। हालांकि, मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कम उपचार दरों और भुगतान में देरी के कारण निजी क्षेत्र में उत्साह कम हो रहा है, इसके लॉन्च के बाद से, पीएम-जेएवाई योजना के तहत हर साल खर्च किए गए कुल धन का दो-तिहाई निजी अस्पतालों में गया। इसलिए चुनौतियाँ भी हैं।

दरअसल आयुष्मान भारत में कुछ राज्यों में फर्जीवाड़ा पकड़ा गया । जिनमें गुजरात में एक ही परिवार के नाम पर 1700 लोगों का कार्ड बनाए जाने, छत्तीसगढ़ में एक ही परिवार के नाम पर 109 कार्ड बनाने व उनमें से 57 की आंख की सर्जरी कराने और 171 अस्पतालों द्वारा फर्जी बिल भेज कर भुगतान लेने जैसे मामले शामिल हैं। बताया जाता है कि अभी तक दो लाख से अधिक फर्जी कार्ड का मामला सामने आया है।भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया है कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में कई फर्जीवाड़े हुए हैं। जिनमें बेनिफिशियरी आईडेंटिफिकेशन सिस्टम के जरिए सबसे बड़ी गड़बड़ी यह सामने आई है कि योजना के लगभग 7.50 लाख लाभार्थियों का मोबाइल नंबर एक ही था।

रिपोर्ट 8 लोकसभा में पेश की गई , जिसमें सितंबर 2018 से मार्च 2021 तक के परफॉर्मेंस ऑडिट रिजल्ट शामिल किए गए हैं। परिवारों के आकार पर भी संदेह CAG की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि 43,197 घरों में परिवार का आकार 11 से 201 सदस्यों तक का था। एक घर में इतने सदस्यों का होना न केवल रजिस्ट्रेशन प्रोसेस के दौरान वेरिफिकेशन में फर्जीवाड़े को दिखाता है, बल्कि इस बात की भी संभावना है कि लाभार्थी इस योजना में परिवार की परिभाषा स्पष्ट न होने का फायदा भी उठा रहे हैं।गड़बड़ी सामने आने के बाद NHA ने कहा कि वह 15 से ज्यादा सदस्यों वाले किसी भी लाभार्थी परिवार के केस में एड मेम्बर ऑप्शन को डिसेबल करने के लिए सिस्टम डेवलप कर रहा है।रिपोर्ट के मुताबिक 7.87 करोड़ लाभार्थी परिवार योजना में रजिस्टर्ड थे। जो नवंबर 2022 के टारगेट 10.74 करोड़ का 73 प्रतिशत है। बाद में सरकार ने लक्ष्य बढ़ाकर 12 करोड़ कर दिया था।6 राज्यों में पेंशन भोगी उठा रहे PMJAY का लाभ PMJAY का लाभ चंडीगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में कई पेंशनभोगी उठा रहे हैं। तमिलनाडु सरकार के पेंशनभोगी डेटाबेस की इस योजना के डेटाबेस से तुलना करने पर पता चला कि 1,07,040 पेंशनभोगियों को लाभार्थियों के रूप में शामिल किया गया था।इन लोगों के लिए राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने बीमा कंपनी को करीब 22.44 करोड़ रुपए का प्रीमियम भुगतान किया गया। ऑडिट में पता चला कि अयोग्य लोगों को हटाने में देरी के चलते बीमा प्रीमियम का भुगतान हुआ था। भविष्य में इस तरह की गड़बड़ियां रोकने के लिए विभिन्न राज्य सरकारों , सामाजिक संगठनों , मेडिकल से जुड़े संस्थानों और अस्पतालों के प्रबंधन को महत्वपूर्ण सहयोग देना होगा।

# रंगों और आध्यात्मिकता का मिलन

■ हिमालय सिद्व अक्षर

रंग हमारे जीवन पर गहरा प्रभाव डालते हैं। यह सत्य दोनों वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से गहराई से पुष्ट होता है। प्रत्येक रंग अपनी अनूठी प्रकृति रखता है, जो हमारे ऊर्जा तंत्र और भावनाओं को विभिन्न रूपों से प्रभावित करता है।विभिन्न वातावरणों और उद्देश्यों के अनुरूप रंगों का विशिष्ट उपयोग उनके महत्व को उजागर करता है। उदाहरण के लिए, अस्पतालों में हल्के और शीतल रंगों का प्रयोग किया जाता है, जबकि किंडरगार्टन स्कूलों में जीवंत, चमकते और ऊर्जावान रंगों की भरमार होती है। इसी प्रकार, प्राचीन मंदिरों में पाए जाने वाले रंग आधुनिक वास्तुकला से भिन्न होते हैं। यहां तक कि ब्रांड भी अपनी पहचान को सशक्त बनाने के लिए रंगों की शक्ति का उपयोग करते हैं। रंगों और वातावरण के इस परस्पर संबंध से यह स्पष्ट होता है कि वे हमारे अनुभवों और भावनाओं को विशिष्ट रूप से प्रभावित करते हैं।

जीवन भी इन्हीं रंगों की तरह विविधतापूर्ण और गतिशील है। जीवन समय के प्रवाह के साथ उतार-चढ़ाव से भरा होता है—कभी अंधकारमय तो कभी प्रकाशमान। जो व्यक्ति इस परिवर्तनशीलता को स्वीकार कर लेते हैं, वे प्रत्येक रंग में सौंदर्य का अनुभव कर सकते हैं और जीवन की समृद्धि को आत्मसात कर पाते हैं। लेकिन जो इस प्रवाह का विरोध करते हैं, वे जीवन के कैनवास पर बिखरे रंगों की सुंदरता को देखने से वंचित रह जाते हैं। रंग,



अपनी बहुरंगी छटा के साथ, हमें जीवन की सतत? परिवर्तनशीलता की याद दिलाते हैं और हमें हर क्षण की सुंदरता को पहचानने तथा स्वीकारने के लिए प्रेरित करते हैं। इसके अतिरिक्त, रंग हमारी मनोदशा और भावनाओं पर गहरा प्रभाव डालते हैं। उज्ज्वल और जीवंत रंग हमारे मनोबल को ऊंचा उठाते हैं और हमें आशावान एवं सकारात्मक बनाए रखते हैं, जबकि गहरे और गंभीर रंग हमें आत्मविश्लेषण और गहन भावनाओं की ओर ले जाते हैं। प्रत्येक रंग की प्रकृति को समझना आवश्यक है, क्योंकि वे हमारे ऊर्जा संतुलन को तेजी से प्रभावित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, सफेद और पीला रंग स्पष्टता और गर्मजोशी की अनुभूति कराते हैं, जिससे मन में सकारात्मकता और खुलापन आता है। इसके विपरीत, काला और लाल जैसे रंग हमारे भीतर कई तरह की भावनाओं को प्रज्वलित करते हुए तीव्रता या जुनून की भावना को जगा सकते हैं। व्यक्ति के भीतर विभिन्न प्रकार की प्रतिक्रियाएं उत्पन्न हो सकती हैं। नतीजतन, चाहे वह हमारे पहनावे का चुनाव हो या हमारे परिवेश की रंग-सज्जा, हमें रंगों के प्रभाव को समझते हुए उनका चयन करना चाहिए। जब हम रंगों के इन सूक्ष्म प्रभावों को जान लेते हैं, तो हम उनका उपयोग अपने मानसिक और भावनात्मक संतुलन को बनाए रखने तथा अपने जीवन में सौहार्द और शांति स्थापित करने के लिए कर सकते हैं।

हमारी मनोदशा और व्यवहार में होने वाले उतार-चढ़ाव—क्रोध से शांति तक, उदासी से प्रसन्नता तक—हमारे आंतरिक संसार की बहुरंगी प्रकृति को दर्शाते हैं। किंतु इन सभी परिवर्तनों के बीच, आत्म-जागरूकता और आत्म-स्वीकृति का भाव ही सबसे महत्वपूर्ण होता है। एक आत्मज्ञान प्राप्त व्यक्ति यह समझता है कि जीवन की यात्रा में उतार-चढ़ाव अवश्य आते हैं, परंतु उसका वास्तविक अस्तित्व अडिग और स्थिर रहता है। वह निरंतर विकसित होता है, फिर भी उसका मूल स्वभाव अपरिवर्तित रहता है—यही सच्चाई होली के पर्व में दर्शाई जाती है। जिस प्रकार अलग-अलग रंग आपस में मिलकर नए रंगों को जन्म देते हैं, किंतु मूल रंगों की झलक उसमें बनी रहती है, उसी प्रकार आत्म-विकास की प्रक्रिया में भी हम समय के साथ बदलते हैं, परंतु हमारी मौलिक आत्मा बनी रहती है। जीवन की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए और उसके प्रवाह के साथ चलते हुए, हम अपनी आंतरिक प्रकृति को सुरक्षित रखते हुए स्वयं को परिष्कृत करते हैं। इस आत्म-विकास की यात्रा में हमारा सबसे सशक्त सम्बल होता है—अपनी आत्मा और परमशक्ति से हमारा अटूट संबंध। यह आध्यात्मिक यात्रा ज्ञान की खोज, उत्कृष्टता की आकांक्षा, और सतत? आत्म-विकास के माध्यम से आगे बढ़ती है। हर परिस्थिति में कृतज्ञता का भाव रखना और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखना इस संबंध को और अधिक सुदृढ़ करता है। जीवन हमें किसी भी रंग में रंगे, हमारी आत्मा का वास्तविक स्वरूप अपरिवर्तित रहता है—यह हमारे आत्मबल और आंतरिक शक्ति का प्रमाण है।

रंग हमें यह स्मरण दिलाते हैं कि हमें अपने आध्यात्मिक मार्ग पर स्थिर रहना चाहिए और पूरे संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। वे एकता का प्रतीक हैं, जो हमें सभी को एक साथ जोड़ने और आत्मिक प्रकाश की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करते हैं। जब हम ज्ञान का आदान-प्रदान करते हैं और द्वेष तथा ईर्ष्या से ऊपर उठते हैं, तो हम एक ऐसा मार्ग बनाते हैं जो हिमालयी एकता के प्रकाश से आलोकित होता है—प्रेम और आत्मज्ञान का मार्ग। अतः रंगों और आध्यात्मिकता का यह मिलन हमें जीवन के रहस्यमयी ताने-बाने को समझने के लिए प्रेरित करता है। जब हम जीवन के रंगों को समभाव और धैर्य के साथ अपनाते हैं, तब हम आत्म-खोज और आध्यात्मिक प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होते हैं, और अपने भीतर के प्रकाश से संपूर्ण संसार को आलोकित कर सकते हैं।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**सन्तोष दरिद्रता का दूसरा नाम है।**

**-प्रेमचन्द**

## आज का इतिहास

- 1965-सोवियत संघ के अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी लियोनोव स्पेस वॉक करने वाले पहले इंसान बने। लियोनोव ने अपने अंतरिक्ष यान से बाहर निकलकर 12 मिनट तक ये वॉक की थी।
- 2000 - प्रो-इंडिपेंडेंस मूवमेंट के नेता चेन शुई-बेन ताइवान के राष्ट्रपति बने। उन्होंने 55 साल से सत्ता में काबिज नेशनलिस्ट पार्टी का राज खत्म किया।
- 2000- उगांडा में प्रलय दिवस सम्प्रदाय के 230 सदस्यों ने आत्मदाह किया।

## निशाना

### है बिलखता पाकिस्तान !



-कृष्णेन्द्र राय

बुरा वक्त है चालू ।
होगा अब प्रहार ।।
है सबको मिटाना ।
जिसके अब आसार ।।
है विलखता पाकिस्तान ।
घड़ी ऐसी आन ।।
हैं पाले आतंकी ।
अब खतरे में जान ।।
खत्म हुआ नियंत्रण ।
है लड़ाई जारी ।।
लगता अब कुछ बड़ा ।
करने की तैयारी ।।
अब बचना नामुमकिन ।
छिपो किसी भी देश ।।
हो गई शुरूआत ।
व्यवस्था अब विशेष ।।

# जहां संतों के पांव पड़े वह स्थान तीर्थ बन जाता है : मुनि विमल सागरजी महाराज

**गंज बासौदा, दोपहर मेट्रो**

नगर में संचालित आचार्य विद्यासागर गौशाला में बड़े बाबा श्री आदिनाथ भगवान का मस्तकाभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम् प्रभावक शिष्य एवं नवाचार्य समय सागर महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री विमल सागर महाराज एवं मुनि श्री अनंत सागर महाराज के सानिध्य में किया गया।

प्रातः गाजे बाजों के साथ मुनि संघ का प्रस्थान स्थानीय महावीर विहार से मेवली कांचरोद रोड स्थित आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला के लिए हुआ। गौ शाला पहुंचकर मुनि महाराज द्वारा गौशाला का भ्रमण किया और संचालकों की व्यवस्था को सराहते हुए संचालकों के दया धर्म वृद्धि का आशीर्वाद भी दिया। फिर गौ शाला में विराजमान बड़े बाबा का महा मस्ताकभिषेक एवं शांतिधारा का वाचन मुनि श्री के



मुखारविंद से हुआ। बड़ी संख्या में गौ शाला पहुंचे भक्तों को अतिशयकारी बड़े बाबा श्री आदिनाथ भगवान का महा मस्तकाभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त किया।

मंदिर के सामने विचरण कर रही सैकड़ों गौ वंशों ने भी भगवान की प्रतिमा को निहारा एवं टकटकी लगाकर मुनि श्री की मंगल देशना को सुना । वही अभिषेक क्रिया के उपरांत मुनि श्री के प्रवचन सुनने का अवसर समाज जन को भी प्राप्त हुआ। अपने उपदेश में मुनि श्री ने कहा कि काल के प्रभाव से मनुष्य में करुणा एवं परमार्थ की भावना समाप्त होती जा रही है। वर्तमान में सिर्फ गाय में ही करुणा एवं दया शेष रह गई है। जो लोग मां-बाप को भार समझते हैं, वो गाय का पालन कैसे करेंगे

शास्त्रों में उल्लेख है कि पहले अतिथियों का सत्कार दूध से ही किया जाता था। मुनि श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि गौशाला के अलावा भी हर घर में भी एक-एक दुधारू गाय अवश्य होना चाहिए। गाय एकमात्र ऐसा जीव है जो सदा शाकाहारी रहती है। गाय भूखी तो रह सकती है लेकिन कभी मांसाहार ग्रहण नहीं करती। मनुष्यों को गौ वंश से सीख लेना चाहिए। आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला में पधारे सभी धर्म प्रेमी बंधुओं को आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला समिति द्वारा तिलक एवं गुलाल लगाकर फाग महोत्सव मनाया गया।

### कलेक्टर ने की विभागीय कार्यों एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक

# अवैध उत्खनन, अतिक्रमण एवं मिलावट के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करें

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर सोनिया मीना ने विभागीय कार्यों और लंबित प्रकरणों की समीक्षा की, जिसमें सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी अनुविभागीय अधिकारी अपने कार्यालय परिसरों के अतिरिक्त अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी जनसुनवाई के सामान्य शिविरों का आयोजन करें, जिससे शिकायतों के शीघ्र निराकरण को अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान दर्ज शिकायतों का शीघ्र अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने वर्ष 2023-24 के दौरान प्राप्त शिकायतों के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। बैठक में कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को सामान्य प्रशासन, माइनिंग, पंजीयन विभाग एवं खाद्य सुरक्षा से संबंधित शिकायतों की संख्या में कमी लाने के निर्देश दिए। इसके लिए शिकायतों की स्क्रूटनी करने और शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अलावा, ओआईसी (सीएम हेल्पलाइन) को 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया गया।



कलेक्टर ने सीपीग्राम्स पोर्टल के तहत लंबित शिकायतों के निराकरण को प्राथमिकता देने को कहा और निर्देश दिए कि जिन मामलों का समाधान शासन स्तर पर ही संभव है, उनके लिए आवश्यक पत्राचार किया जाए। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने सभी ओआईसी को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि शिकायतें एल-3 या एल-4 स्तर तक न पहुंचे, इसके लिए जिला अधिकारियों को सख्त नियंत्रण रखने को कहा गया।

बैठक में कलेक्टर ने एडीएम को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाए।

ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिला सूचना अधिकारी को निर्देश दिए कि आगामी 20 मार्च तक सभी विभागों से एंप्लॉय मास्टर डाटा प्राप्त करने हेतु पत्र जारी किए जाएं। उन्होंने अपर कलेक्टर सिंह को खाद्य सुरक्षा संबंधी कार्यवाहियों की नियमित समीक्षा करने और मिलावटी एवं नकली खाद्य पदार्थों के विरुद्ध सतत प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने खनन विभाग से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की, जिसमें पंजीबद्ध प्रकरणों, अर्थदंड वसूली, चालानी कार्यवाही एवं विभाग में लंबित मामलों पर चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि अनुविभाग स्तर पर भी ओवरलोडिंग एवं बिना रॉयल्टी के खनिज परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध ज़ब्ती की कार्यवाही की जाए।

बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति की समस्या पर गंभीरता दिखाते हुए कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्टर को निर्देशित किया कि ऐसे बालकों को मुक्त कराकर उनके पुनर्वास के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इसके लिए नगर के मुख्य स्थानों पर नियमित रूप से निरीक्षण किए जाने के निर्देश भी दिए गए।कलेक्टर ने शस्त्र शाखा से जुड़े सभी पंजीयों को नियमित रूप से संधारित करने के साथ-साथ शस्त्र नवीनीकरण, स्थानांतरण एवं सरेंडर प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूरा कर उसका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।

कृषक कल्याण योजना के अंतर्गत किसी भी नवीन प्रकरण के लंबित न रहने पर जोर देते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राहत संबंधी मामलों में एसडीएम एवं तहसीलदार स्तर पर कोई भी मामला पेंडिंग न रहे। साथ ही, सभी शाखाओं के प्रभारी अधिकारी अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण करें और समय-समय पर अपनी शाखाओं का निरीक्षण भी करें।

बैठक में कलेक्टर ने आरआई एवं पटवारी के समयमान वेतनमान से जुड़े प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, वन एवं भू अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि जिन मामलों के समाधान में विलंब हो रहा है, उनकी दिन-प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

कलेक्टर सुश्री मीना ने अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक सप्ताह अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही, किस क्षेत्र में और किस प्रकार का अतिक्रमण हटाया गया है, इसकी विस्तृत रिपोर्ट भी संबंधित अधिकारी प्रस्तुत करें।

# साहित्य में शुचिता बहुत जरूरी : डॉ. विकास दवे



**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

विगत दिनों मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद संस्कृति विभाग के साहित्य अकादमी द्वारा शहर के दादजी प्लाजा में आयोजित कवि सम्मेलन में साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ विकास दवे ने साहित्य की शुचिता पर जोर देते हुए कहा की युवा साहित्यकारों को विवेकानंद का साहित्य अध्ययन करना चाहिए जिससे उनके लेखन में परिपक्वता आएगी। कवि सम्मेलन का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश तिवारी जिला पंचायत सदस्य गायत्री रघुवंशी जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी भाजपा नेता मनोज यादव महिला समाजसेवी लक्ष्मी शर्मा पार्षद नीलू चौबे प्रोफेसर मणिमोहन मेहता अखिलेश राव शामिल रहे।

कवि सम्मेलन में डॉ आरती स्मिथ दिल्ली, अमितोष माथुर बदनावर, ज्योति जलज हरदा, राहुल कुंभकार ब्यावरा, सतेंद्र धाकड़ विदिशा, संदीप द्विवेदी भोपाल, अनुज भार्गव शमशाबाद, शिखा रघुवंशी गंज बासौदा ने कविता पाठ किया । कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के संयोजक ध्रुव शर्मा ने किया।

इस अवसर पर कर्मचारी नेता परसराम दुबे, पवन रिछारिया, कवि आशीष दुबे, नीलेश चतुर्वेदी, प्रगति यादव, अंशिका बुंदेला सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में पूर्व सैनिकों तथा श्रमदान दल के सदस्यों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आभार शुभम ठाकुर ने व्यक्त किया।

## नर्मदांचल के गौरव आईपीएस मनीष शंकर शर्मा के आकस्मिक निधन पर नर्मदापुरम में छाई शोक लहर

**नर्मदापुरम।** नर्मदांचल के गौरव प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव कृपाशंकर शर्मा के सुपुत्र मध्यप्रदेश पुलिस में स्पेशल डीजी (रेल) पुलिस महानिदेशक मनीष शंकर शर्मा का ह्रदय गति रुक जाने से दिल्ली के हॉस्पिटल में दुखद निधन की खबर सोमवार सुबह नर्मदापुरम जिले वासियों को मिलने पर शोक लहर छा गई, सभी इस दुखद घटना से अचंभित होकर शोकाकुल हो उठे। जिनकी अंतिम शोभायात्रा पुलिस बैंड के साथ राजकीय सम्मान सहित उनके निज निवास भोपाल से भदभदा ( मुक्तिधाम )करुणाधाम पहुंची, जहां उनके बड़े बेटे ने विधि विधान से पिता के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। इस दुखद घटना की जानकारी पर नर्मदापुरम जिले से बड़ी संख्या में शुभचिंतक, परिचित,सामाजिक बंधुओ, पत्रकारों ने भदभदा पहुंचकर नर्मदांचल के गौरव आईपीएस मनीष शंकर शर्मा के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि देते हुए दिवंगत आत्मा को ईश्वर के श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की।

# केंद्रीय जेल नर्मदापुरम में महिला बंदियों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

केंद्रीय जेल में महिला बंदियों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए गत दिवस सेंट जोसेफ हॉस्पिटल नर्मदापुरम द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में सेंट जोसेफ हॉस्पिटल नर्मदापुरम से डॉ. बिन्दु जोसेफ (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. जिस्माई, सिस्टर पवित्रा (नर्स), सिस्टर रानी (फार्मासिस्ट), मिस सीवस, मिस अखीक द्वारा केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम की 76 महिला बंदियों की स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांचें की गई और उन्हें आवश्यक दवाइयाँ वितरित की गई।



स्वास्थ्य शिविर के दौरान जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी, उप अधीक्षक प्रहलाद बरकडे, अष्टकोण अधिकारी हितेश बंडिया एवं मेलनर्स श्रीमती इंदुराज साहु तथा जेल का समस्त स्टाफ, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कॉलोनाइजर को रहवासियों ने अव्यवस्थाओं से अवगत कराया, 10 साल में भी व्यवस्थित नही रविशंकर नगर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

रविशंकर नगर तिवारी कॉलोनी आदमगढ़ को निर्मित हुए 10 वर्ष हो गए हैं लेकिन रह वासियों के लिए अभी तक भी कोई मूलभूत सुविधाएं कॉलोनाइजर द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई. रहवासी देवी प्रसाद मेहर ने बताया अभी तक कॉलोनी में कोई व्यवस्थित सड़क का निर्माण नहीं किया गया. और बिजली की आपूर्ति भी सुचारू रूप से चालू नहीं हो पाई. रहवासी अस्थाई विद्युत कनेक्शन लेकर जैसे-तैसे विद्युत की आपूर्ति कर रहे हैं. इससे उन्हें आर्थिक रूप से अधिक राशि खर्च करनी पड़ रही है. नियम अनुसार कॉलोनी में पार्क



होना चाहिए लेकिन यहां एक भी सार्वजनिक पार्क नहीं है.

इन सब समस्याओं को लेकर कालोनी वासियों ने कालोनाईजर देवदत्त तिवारी से चर्चा कर कॉलोनी की मूल भूत समस्याओं को हल करने की बात कही . कॉलोनाइजर ने मई माह तक उक्त सभी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया है.

कालोनाईजर से चर्चा के दौरान विनोद उपाध्याय इमरत लाल कीर रमेश पाल पवन कहार देवी प्रसाद मेहर सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे.

## समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम 24 को

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश शासन लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम 24 मार्च 2025 को सायं 04.00 बजे से आयोजित की जाएगी। उक्त समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम पूर्व में 25 मार्च 2025 को आयोजित की जाना था। जिसमें अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाकर उक्त कार्यक्रम अब 24 मार्च 2025 को आयोजित किया जाएगा।

**मेट्रो एंकर** कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने किया बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण

# सभी केंद्राध्यक्षों को बोर्ड के दिशा निर्देशों का पालन करने के दिए निर्देश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी सोमवार को केसला विकासखंड के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय केसला, शाहपुर के शासकीय सीएम राइज विद्यालय, भौरा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय घोड़ा डोंगरी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जवारी में चल रही कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी बोर्ड परीक्षा केंद्राध्यक्षों एवं सहायक केंद्राध्यक्ष को निर्देश दिए कि वह परीक्षा संचालन के लिए बोर्ड के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर श्री तिवारी ने बोर्ड परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था सुचारू व व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देश दिए की विषय वार प्रश्न पत्रो को थाने से लाने एवं उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल थाने में जमा करने में विशेष सावधानी एवं सतर्कता बरती जाए। हर बार बोर्ड के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए। कमिश्नर ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति की



जानकारी ली तथा सभी परीक्षा केन्द्रों में पर्यवेक्षकों के कर्तव्य एवं परीक्षा सुचारू रूप से संचालन करने के लिए दिए गए दिशा निर्देशों का पालन हो रहा है कि नहीं इसका अवलोकन किया।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को कक्षा 12वीं के रसायन शास्त्र विषय, इतिहास, कृषि विज्ञान के मूल तत्व, व्यवसायिक अध्ययन, गृह प्रबंधन एवं वस्त्र विज्ञान आदि विषय की परीक्षा परीक्षार्थियों ने दी। कमिश्नर श्री तिवारी ने परीक्षा केन्द्रों में सुविधा की उपलब्धता एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति की जानकारी ली।

कमिश्नर श्री तिवारी ने सभी शिक्षको को प्राचार्य एवं केंद्राध्यक्षों तथा सहायक केंद्राध्यक्ष को निर्देश दिए कि वह परीक्षा का संचालन सुचारु रूप से करें एवं किसी भी स्थिति में यदि कोई नकल करता पाया जाता है तो ऐसे नकल के प्रकरणों पर प्रभावी कार्रवाई करें। बताया गया कि अब तक नकल का कोई भी प्रकरण प्राप्त नहीं हुआ है। कमिश्नर श्री तिवारी के निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदापुरम संभाग श्रीमती भावना दुबे एवं संयुक्त आयुक्त विकास जी सी दोहर उपस्थित रहे।

# करीला मेला की व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने पहुंचे कलेक्टर, लाइटिंग बढ़वाने के दिए निर्देश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

मां जानकी के धाम करीला में रंग पंचमी पर देशभर से लाखों की संख्या श्रद्धालुगण माता रानी के दर्शन करने पहुंचगे इनको किसी भी तरह की परेशानी ना हो उसको दृष्टि गत रखते हुए सोमवार क कलेक्टर रोशन सिंह ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण करके वाहन पार्किंग और श्रद्धालुओं को आने जाने वाले मार्गो का को देखा इसके बाद यहां पर सुविधाओं की वृद्धि के संबंध में अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देशों भी दिए गए।कलेक्टर सिंह ने बताया कि रंगपंचमी का मेला तीनों दिनों तक चलेगा बमोरी साला और दीपना खेड़ा में श्रद्धालुओं के लिए वाहन पार्किंग व्यवस्था की गई है बायपास मार्ग भी बनाया गया है ।सड़कों के समतलीकरण के अलावा लाइटिंग बढ़ाने के संबंध में भी निर्देश दिए हैं। तीन दिनों तक संपूर्णव्यवस्था रहेगी किसी भी श्रद्धालुओं किसी तरह की असुविधा ना हो उसके लिए पूरा अमला तैनात रहेगा जगह-जगह पानी के साथ स्वास्थ्य सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। पुलिस बल



और चेक पोस्ट नाके भी बनाए गए हैं। पार्किंग के अच्छे इंतजाम किए गए हैं। मोबाइल टीमें में भी लगातार भ्रमण करेंगी।

## मेला पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा करने के लिए महकमा सतर्क

**सिरोंज।** प्रतिवर्ष रंग पंचमी पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु माता जानकी के दर्शनों के लिए करीला मेला में उत्सव मनाने माता जानकी के दरबार पहुंचते हैं। इस वर्ष रंग पंचमी के त्यौहार पर 19 मार्च को करीला मेला में कई लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को ध्यानगत रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य सुविधा की दृष्टि से अम्बा नगर चैराहा, मेहलुआ चैराहा एवं बामोरी शाला में एक-एक एंबुलेंस 18 से 20 मार्च तक में मय औषधि एवं चिकित्सकों के तैनात कर दी गई हैं। साथ ही विकासखंड कुरवाई के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धुवाँ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाई, लायरा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुरवाई, विकासखंड सिरोंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कस्बाताल, उप स्वास्थ्य केंद्र जगधर एवं पथरिया में आकस्मिक स्वास्थ्य दलों की ड्यूटी लगाई गई है। ताकि आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई स्वास्थ्य समस्या आने पर त्वरित उपचार किया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेश तिवारी ने जिले के समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 18 मार्च से 20 मार्च 2025 तक रंग पंचमी के त्यौहार पर करीला मेला आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा का पूरा ध्यान रखते हुए 24 घंटे चिकित्सा दल मय औषधीय के तैनात रखना सुनिश्चित करें।

### लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में 70 प्लस आयु वर्ग के आयुष्मान कार्ड का लिया जायजा

# लक्ष्य प्राप्ति की साप्ताहिक प्रगति के कार्यों में तेजी लाएं : कलेक्टर

■ अब तक 70 प्लस आयु वर्ग के 58646 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बने

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आज लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में 70 प्लस आयु वर्ग के आयुष्मान कार्ड की प्रगति कार्यों का जायजा लिया गया। उन्होंने जिले के निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 70 प्लस आयु वर्ग के बुजुर्गों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने पर बल देते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु साप्ताहिक प्रगति में तेजी लाएं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि विभागीय टीम द्वारा 70 प्लस आयु वर्ग के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु किये जा रहे कार्यों की प्रति दिवस मॉनिटरिंग कर साप्ताहिक प्रगति से अवगत कराएं। 70 प्लस आयु के सभी बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनें, यह हम सबका नैतिक दायित्व है ताकि विपरीत परिस्थिति में आयुष्मान कार्ड से मुफ्त उपचार बुजुर्ग हितग्राहियों को समय पर मिल सके।

आज कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में संपन्न हुई टीएल मीटिंग में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि 70 प्लस आयु वर्ग के जिले के



86260 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। प्राप्त लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जिले की स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कार्य किये जा रहे हैं। अब तक जिले के 70 प्लस आयु वर्ग के 58646 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं शेष रह गए बुजुर्ग नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु कार्य किये जा रहे हैं। जिले के नगरीय निकाय व जनपद वार जानकारी देते हुए बताया गया कि जनपद पंचायत विदिशा में निर्धारित लक्ष्य 10189 के विरुद्ध अब तक की स्थिति में 6372 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। इसी प्रकार जनपद पंचायत बासौदा में 11264 में से 6761, जनपद पंचायत ग्यारसपुर में 7770 के विरुद्ध 6436, जनपद पंचायत नटेरन में 11437 के विरुद्ध 6645, जनपद पंचायत सिरोंज में 9533 के विरुद्ध 6293, जनपद पंचायत लटेरी में 5930 के विरुद्ध 5292, जनपद पंचायत कुरवाई में 7162 के विरुद्ध 4988, इसी प्रकार नगर पालिका विदिशा में 11778 के विरुद्ध 7827, नगर पालिका बासौदा में 5758 के विरुद्ध 4018, नगर पालिका सिरोंज में 2857 के विरुद्ध 2054, नगर परिषद लटेरी में 951 के विरुद्ध 826, नगर परिषद कुरवाई में 909 के विरुद्ध 504 और नगर परिषद शमशाबाद में 712 के विरुद्ध 629 वयोवृद्ध 70 प्लस आयु वर्ग के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। शेष रह गए 70 प्लस आयु वर्ग के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु डोर-टू-डोर संपर्क कर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आज लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में जिले की सभी 577 ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2.0 तहत क्रियान्वित कार्यों की समीक्षा की है। उन्होंने जिला पंचायत की सर्वे रिपोर्ट का प्रजेंटेशन के माध्यम से अवलोकन करते हुए निर्देश दिए हैं कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिले उनके पक्के आवास समय सीमा में बन सकें इस हेतु इस योजना में क्रियान्वित कार्यों को समयावधि में पूरा कर लें। कच्चे घरों में निवास करने वाले ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को पक्का घर देने के उद्देश्य से क्रियान्वित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2.0 में पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्यों का संपादन करना सुनिश्चित हो का विशेष ध्यान रखा जाए।

बैठक में जिला पंचायत की सर्वे रिपोर्ट की जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि जिले की ग्राम पंचायतों में 106012 हितग्राहियों का सर्वे किया जा चुका है जिनमें 4024 घरों का सेल्फ सर्वे भी शामिल है। जनपद वार जानकारी देते हुए बताया गया कि जनपद पंचायत बासौदा में 20356 हितग्राहियों के घरों का सर्वे किया गया है। इसी प्रकार ग्यारसपुर जनपद पंचायत में 10370, कुरवाई में 10222, लटेरी में 11986, नटेरन में 17871, सिरोंज में 20275 और विदिशा जनपद पंचायत में 14932 घरों का सर्वे किया जा चुका है।

### टॉस्क फोर्स मीटिंग : अवैध उत्खनन व वन कटाई रोकें

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित की गई थी। जिसमें एसपी रोहित काशवानी, वन मण्डलाधिकारी हेमंत यादव, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया के अलावा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने विदिशा जिले में वनो में अवैध कटाई व खनिज उत्खनन के संबंध में टीमवर्क की भावना से कार्य कर प्रदेश स्तर पर नवाचारो को प्रदर्शित किया जाए। इसके लिए आवश्यक गोपनीयता पर विशेष ध्यान रखा जाए और सम्पूर्ण कार्यवाही के बाद उसका व्यापक प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया सहित अन्य प्लेटफार्मो पर किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि कार्यवाहियों के पूर्व सुरक्षा के तमाम प्रबंध सुनिश्चित किए जाए ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी, दुर्घटना घटित ना हो पाए। उन्होंने जिले के अन्दर आवश्यक सुरक्षा प्रबंधो के संबंध में पूर्व में किए गए प्रबंधो का भी जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने कहा कि बडे पैमाने पर एक साथ कार्यवाही की जाए ताकि सुरक्षा के लिए पुलिस बल को बार-बार एगेंज ना करना पडें। उन्होंने कहा कि तीनो जिलो के पुलिस अधिकारियों से संवाद कर सुरक्षा के चैकस प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे। कार्यवाही के पहले जिन क्षेत्रो में दबिश देकर इस प्रकार के कार्य करने वालो की धरपकड करनी है कि लिए भी पृथक से रणनीति तय की जाए।

## धूमधाम से मनाई भैयादूज, बहनों ने लगाया भाई के माथे पर रक्षा तिलक



**सिरोंज।** क्षेत्र में भाई दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाई के माथे पर अक्षत तिलक किया, आरती उतारी, मिठाई खिलाई और दीर्घायु की कामना की। वहीं भाइयों ने बहनों को आकर्षक उपहार प्रदान किए। इस मौके पर बाजार में भी भारी भीड़ रही। भैयादूज पर बहनों ने भाईयों की सुख समृद्धि और मंगलकामना के लिए व्रत रखा। कहीं बहनें अपने भाइयों के घर भाई दूज मनाने के लिए पहुंचीं, तो कहीं भाई अपनी बहनों के घर पहुंचे। इस दौरान सुबह से ही बाजार में भीड़ रही। बहनों ने अपने भाइयों के लिए मिठाई सहित अन्य चीजों की खरीदारी की। भाइयों ने अपनी बहनों की पसंद के उपहार खरीदे। बहनों ने अपने भाइयों को रोली, चावल से तिलक किया, आरती उतारी और मिठाई खिलाई। साथ ही भाइयों की सुख, समृद्धि और लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने बहनों को आकर्षक उपहार प्रदान किए तथा रक्षा का संकल्प लिया।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने सप्ताहभर में खाद्य प्रतिष्ठान और दुकानों से 43 नमूने लिए

**सिरोंज।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने त्यौहार पर्व को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों को खाद्य प्रतिष्ठानों से विक्रय होने वाले दूध व अन्य दुग्ध पदार्थ से निर्मित मिठाइयों व अन्य पदार्थों के सैंपल लेने के निर्देश दिए थे। प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में सप्ताह अवधि में खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों पर सतत भ्रमण कर जांच की गई। इस दौरान सप्ताह अवधि में विदिशा जिले में 43 नमूने एकत्रित कर जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई है कि सप्ताह अवधि में जिले में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानो व दुकानों से जो 43 नमूने एकत्रित किए गए हैं उनमें दूध एवं अन्य दुग्ध पदार्थों के 20 नमूने और अन्य खाद्य पदार्थों के 23 नमूने शामिल हैं। विकासखंड वार जानकारी देते हुए बताया गया कि विदिशा विकासखंड में 19, सिरोंज विकासखंड में 07, लटेरी और गंजबासौदा विकासखंड में 04-04 और गुलाबगंज में 09 सैंपल जांच हेतु एकत्रित किए गए हैं।

## न्यायाधीशों ने शिशु गृह का किया निरीक्षण

**सिरोंज।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जाहिर हुसैन के मार्गदर्शन में आज विदिशा जिले में संचालित शिशु गृह यशोदा एडॉप्शन सेंटर में विधिक जागरूकता शिविर व शिशु गृह का निरीक्षण किया गया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री नंदनी शुक्ला ने यशोदा एडॉप्शन सेन्टर के कर्मचारियों को जेजे एक्ट के नियमो से अवगत कराते हुए उन्हें पालन सुनिश्चित करने हेतु ताकिद कराया है जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री नितेन्द्र सिंह तोमर ने संस्था में बच्चो को उम्र के हिसाब से खान-पान देने, सही ढंग से देखभाल करने व विभिन्न पंजियों में जानकारियां दर्ज करने की प्रक्रिया का जायजा लेते हुए आवश्यक मार्गदर्शन दिया है गौरतलब हो कि संस्था में छह वर्ष तक के अनाथ, बेसहारा और माता पिता द्वारा त्यागे गए बच्चो के लिए कार्य किया जा रहा है। संस्था बाल कल्याण समिति के आदेश एवं जेजे एक्ट के नियमो के तहत देखभाल कर रही है। समिति के द्वारा बच्चों के विधिमुक्त हो जाने पर सीएआरए पोर्टल के नियमो अनुसार बच्चो को दत्तक गृहण करा दिया जाता है।

## रंगपंचमी पर स्थानीय अवकाश, शुष्क दिवस घोषित

**सिरोंज।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बुधवार 19 मार्च को रंगपंचमी पर सम्पूर्ण विदिशा जिले में स्थानीय अवकाश घोषित करने का आदेश जारी कर दिया है। उक्त आदेश बैंक, कोषाल, उपकोषालय पर लागू नहीं होगा। इसके साथ ही रंगपंचमी पर्व पर शुष्क दिवस घोषित करने का आदेश जारी कर दिया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि रंगपंचमी पर विदिशा जिले की 73 कम्पोजिट मदिरा दुकानें सायंकाल चार बजे तक तथा एक कम्पोजिट मदिरा दुकान हाट बामोरी शाला को सम्पूर्ण दिवस बंद रहेगी।

### आइसीआइसीआइ बैंक का बड़ा करनामा

# किसान के नाम पर फर्जी तरीके से बनाया 7 लाख का कार्ड, एसडीएम से शिकायत

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

आइसीआइसीआइ बैंक से फर्जी तरीके से किसान के नाम पर 7 लाख का केसीसी होने का मामला सामने इसके बाद पीड़ित मोहन सिंह निवासी बिशेष ने एसडीएम के नाम पर कार्यालय में आवेदन देते हुए कहा कि कुछ दिन पहले मुझे आइसीआइसीआइ बैंक से क्रेडिट कार्ड की राशि जमा करने के लिए नोटिस आया जिसको देखकर मेरी हवा निकल गई जबकि मैंने कोई क्रेडिट कार्ड नहीं बनवाया फर्जी दस्तावेज तैयार करके मेरे नाम पर केसीसी बनाया गया है। इसकी शिकायत मैंने बैंक के अधिकारियों से की तो पर किसी ने मेरी बात पर ध्यान नहीं दिया उल्टा मुझे 7



लाख की केसीसी की राशि जमा करने की धमकी दे रहे हैं। जो कि मेरे नाम पर फर्जी दस्तावेज लगाकर बनाया गया है। सोमवार को किसान फिर बैंक पहुंच यहां पर फिर बैंक वालों ने कोई ध्यान नहीं दिया इसके बाद एसडीम से शिकायत की है। वहीं बैंक के बाहर किसान और कुछ मीडिया कर्मियों पहुंचने के बाद बैंक प्रबंधक ने बात करने से इनकार कर दिया और कहा कि है गुना रीजन का मामला है हमारा नहीं दूसरी किसान मोहन सिंह ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर केसीसी बनाने वाले बैंक के अधिकारी ,कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की और कहा कि फर्जी दस्तावेजों बनाए गए किसान क्रेडिट कार्ड को बंद करवाने की मांग भी की है।

# बगरोदा गांव में होली की अनोखी परंपरा, परमा की बजाय भाईदूज पर खेली जाती है सामूहिक होली

■ यहां जातिवाद नहीं ऊंच-नीच का भेदभाव मिटाकर एक साथ खेलते हैं होली

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश के विदिशा जिले की सिरोंज तहसील के ग्राम बगरोदा में होली का त्योहार एक अनूठी परंपरा के साथ भाईदूज पर मनाया जाता है। रंगों का यह त्योहार पूर्णिमा के दिन होलिका दहन से प्रारंभ होता है, जिसके अगले दिन परमा को पूरे देश एवं क्षेत्र में रंग बिरंगे रगों के साथ धुड़ेली पर्व मनाया जाता है, लेकिन सिरोंज तहसील के ग्राम बगरोदा में



धुड़ेली का यह पर्व भाईदूज के दिन मनाया जाता है। जहां पर सर्वप्रथम सभी ग्रामीण सामुहिक रूप से गांव प्रमुख मंदिर पर एकत्रित होते हैं। जहां लगड़िया की धुन पर फाग गाते हुए गांव के मंदिरों पर माता टेकते हैं, इसके बाद जिन परिवारों मातम होता है यानी किसी के घर कोई आकस्मिक मौत हो जाती है ऐसे परिवारों के घर पहुंच कर उन परिवारों इस पर्व के दौरान शामिल करते हैं एवं उसके घर पर चाय, पानी एवं मिठाई खाकर उसके पूरे परिवार को रंग लगाते हैं। इस दौरान पूरा गांव सामूहिक रूप से एक दूसरे के साथ आनंद के साथ उत्सव मनाता है। यह परंपरा सैकड़ो वर्ष पुरानी है जो आज भी इस तरह निभाई जा रही है।

### एकता का देते हैं संदेश

गांव के सभी जाति वर्गों के लोग एक साथ सामूहिक रूप से पूरे गांव में होली के पर्व पर धुड़ेली का उत्सव मनाते हैं, बताया जाता है कि प्राचीन परंपरा अनुसार गांव के सभी जाति वर्ग के लोग एक साथ सामूहिक सभी मंदिरों पर जाते हैं। इसके बाद गांव में जिनके घर अनहोनी होती है, उनके घर भी समूह के रूप से पहुंचते हैं। इसमें कोई भेदभाव या पक्षपात नहीं करते जिसमें एकता का संदेश देते हैं। इसमें जाति वर्ग को भी कहीं कोई महत्व नहीं है और यह परंपरा भी प्राचीन है।

**मेट्रो एंकर** ग्राम पंचायत महुआ खेड़ा का मामला : बातचीत का ऑडियो हुआ वायरल, एसडीएम से की शिकायत

# सचिव ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायत वापस नहीं लेने पर, सरकारी योजनाएं बंद करवाने दी धमकी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सीएम हेल्पलाइन की शिकायत को बंद करवाने के लिए ग्राम पंचायत महुआ खेड़ा में पदस्थ सचिव एवं शिकायतकर्ता के बीच का ऑडियो वायरल हो रहा है । इसमें सीएम हेल्पलाइन की शिकायत वापस नहीं लेने पर पंचायत सचिव आकाश छरी मोबाइल पर सिम हेल्पलाइन लगाने वाले व्यक्ति को सीधी धमकी देते हुए कहा रहे है कि जितनी शिकायते करनी है करों यदि शिकायत वापस नहीं ली तो तुम्हारे घर की लाडली बहना योजना से लेकर खाद्यान्न पर्ची बंद करवाने काम जरूर मैं करवा दूंगा सीएम हेल्पलाइन लगाने वाले व्यक्ति तथा उसकी मां से भी बातचीत का ऑडियो वायरल होने के बाद जनपद सीईओ के द्वारा पंचायत सचिव को इस तरह से बातचीत करने पर नोटिस जारी करके पंचायत सचिव कार्रवाई करने की बात कही है वहीं पंचायत सचिव ऑडियो को गलत बता रहा है। सोमवार को अरविंद केवट ने युवा कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र बघेल के साथ एसडीएम हर्षल चौधरी को शिकायती आवेदन देते हुए कहा कि 5 साल पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए हमने आवेदन किया था आज तक हमारे आवास नहीं आई है आवास नहीं मिलने पर मैंने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की है शिकायत को वापस लेने के लिए ग्राम पंचायत महुआ खेड़ा पृथ्वीराज के सचिव आकाश छरी के द्वारा मुझे मोबाइल धमकी देते हुए कह रहे हैं कि यदि शिकायत बंद नहीं करवाओगे तो जो तुम्हें अभी लाडली बहन योजना के तहत राशि मिलती है उसको बंद करवा दूंगा इसके राशन की पर्ची जारी होती है वह भी बंद करवा देंगे काफी देर तक इनकी बातचीत होती है। इसी तरह उनकी मम्मी से भी फोन पर बात होती है। बातचीत में पंचायत सचिव अरविंद केवट से कहते हैं कि तुमने सीएम हेल्पलाइन पर प्रधानमंत्री आवास के संबंध में शिकायत कि यह आवास ऊपर से आते हैं तभी मिलेगी लेकिन सीएम हेल्पलाइन क्यों लगाई



है उसको वापस ले लो अरविंद केवट कहता है कि 5 साल से हम लोग खुले आसमान के नीचे निवास कर रहे हैं। सचिव कहते हैं 2011 की जनगणना गणना के हिसाब से 2014 के बाद से आवास का चयन हो रहा है सूची में नाम आएगा तो मिल जाएगा इसी बीच पंचायत सचिव कहते हैं कि तुम्हें लाडली बहन योजना में राशि मिलती है खाद्यान्न पर्ची भी जारी होती है शिकायत वापस ले लो नहीं तो इनको भी बंद करवा दूंगा जितनी लगानी है शिकायते उतनी लगाओ दूसरी बार फोन फोन पर अरविंद की मम्मी से बात होती है वहां पंचायत सचिव से कहती है लाडली बहन की राशि देने को काम तुम्हारा है सरकार देती तुम हमें धमकी दे रहे हो खाद्यान्न पर्ची भी सरकार देती है तुम इन्हें बंद करवाने की धमकी दे रहे हो हमारे पास रहने के लिए घर नहीं हमारे से बाद वालों को आवास योजना का लाभ मिल गया पर हम गरीबों को नहीं मिल रहा है उल्टा शिकायत वापस लेने के लिए धमकी दे रहे हो जो बंद करवाना है वह बंद करवा दो जब तक हमारी सुनवाई नहीं होगी हम अपनी शिकायत वापस नहीं लेंगे। काफी देर तक दोनों में बात होती है इस तरह से किसी भी सरकारी कर्मचारियों को धमकाने का अधिकार नहीं है। यह तो खुले हम तानाशाही है वायरल ऑडियो में में साफ तौर पर पंचायत सचिव हितग्राही को कंप्लेंट वापस नहीं लेने पर सरकार की महत्वपूर्ण योजना बंद करवाने की धमकी दे रहा है। जबकि इस तरह के अधिकारी इनके पास है फिर इस तरह की बात की जा रही तरह से से गलत व्यवहार करने वाले पंचायत सचिव पर शासन के नियमों के विपरीत व्यवहार करने एवं धमकाने पर करवाई होनी चाहिए हालांकि दोपहर मेट्रो वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है।

### इनका कहना है

"मैंने ऐसा कुछ भी नहीं कहा है वायरल ऑडियो मेरा नहीं है।

-**आकाश छरी**, पंचायत सचिव महुआ खेड़ा पृथ्वीराज

शिकायत वापस लेने के लिए इस तरह का व्यवहार करना बहुत ही गलत है पंचायत सचिव को नोटिस जारी करके ऑडियो की भी जांच कराएंगे इसके बाद आगे कार्रवाई करेंगे।

- **बंदना शर्मा**, जनपद सीईओ"



# मेसी अर्जेंटीना की वर्ल्ड कप क्वालिफायर टीम से बाहर

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अर्जेंटीना के स्टार लियोनल मेसी उरुग्वे और ब्राजील के खिलाफ दक्षिण अमेरिकी वर्ल्ड कप क्वालिफाइंग मैचों में नहीं खेल पाएंगे। इसका ऐलान टीम के कोच लियोनेल स्कैलोनी ने किया। अर्जेंटीना को ऊरुग्वे के खिलाफ उसके घर में शुक्रवार (21 मार्च) को मैच खेलना है और ब्राजील के खिलाफ 25 मार्च को मेजबानी करनी है। चोट की वजह से टीम से बाहर हैं मेसी मेसी चोट की वजह से वर्ल्ड कप क्वालिफाइंग मैच में नहीं खेल रहे हैं। हालांकि,अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने मेसी के बाहर होने का कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया।

## 21 को उरुग्वे और 25 मार्च को ब्राजील के खिलाफ मुकाबला

वहीं अर्जेंटीना मीडिया ने बताया कि रविवार को मेजर लीग सॉकर में अटलांटा यूनाइटेड पर इंटर मियामी की 2-1 की जीत के दौरान स्टार फॉरवर्ड को बाईं जांघ में दर्द हुआ था। मेसी ने 90 मिनट का पूरा खेल खेला और अपनी वापसी पर पहला गोल दागा। इससे पहले उन्होंने तीन लगातार मैचों में लोड प्रबंधन के कारण भाग नहीं लिया था। अर्जेंटीना टीम की मेडिकल टीम रखी हुई है नजर मेजर लीग सॉकर के दौरान मेसी की फिटनेस पर पर नजर रखने वाले इंटर मियामी के मैनेजर जावियर मास्केरानो ने कहा कि हमने कोशिश की कि मेसी पर ओवरलोडिंग हटा दी जाए, ताकि उनकी समस्या ज्यादा न बढ़े। हमने इसे सबसे अच्छे तरीके से संभालने की कोशिश की। हम इसे नियंत्रित करने में सफल रहे और यह चोट में नहीं बदली। मास्केरानो ने यह भी बताया कि इंटर मियामी ने अर्जेंटीना के मेडिकल कर्मचारियों के साथ मेसी की स्थिति को लेकर लगातार सलाह ली जा रही है। पॉइंट टेबल में अर्जेंटीना 25 अंकों के साथ टॉप पर है, जबकि ऊरुग्वे दूसरे स्थान पर है और ब्राजील पांचवें स्थान पर है। मेसी के अलावा कुछ और खिलाड़ी चोट की वजह से टीम में नहीं हैं।

## ओलंपिक 2028 में शामिल हो सकती है मुक्केबाजी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी बोर्ड ने सिफारिश की है कि लॉस एंजिलिस में 2028 ओलंपिक खेलों में मुक्केबाजी को शामिल किया जाए। हालांकि अंतिम निर्णय यूनान में इस सप्ताह के सत्र में आइओसी द्वारा किया जाएगा, लेकिन निवर्तमान अध्यक्ष थॉमस बाक को उम्मीद है कि इसे हरी झंडी मिल जाएगी। बॉक्सिंग को लॉस एंजिलिस ओलंपिक के कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया था, जिसे 2022 में जारी किया गया था। हालांकि विश्व मुक्केबाजी को खेल के शासी निकाय के रूप में अंतिम मान्यता मिलने के बाद, आइओसी ने अपनी सिफारिश की पुष्टि की है। अध्यक्ष बनने की कवायद में लगे मुक्केबाजी महासंघ के मौजूदा अध्यक्ष अजय सिंह को इस खेल महासंघ के 28 मार्च को होने वाले चुनाव में महासचिव हेमंत कलिता और उपाध्यक्ष राजेश भंडारी से चुनौती मिलेगी। कलिता असम मुकेबाजी संघ के सचिव है जबकि भंडारी हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष हैं।

## दिल्ली कैपिटल्स ने फाफ डु प्लेसिस को उपकप्तान बनाया

**नईदिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स ने फाफ डु प्लेसिस को उपकप्तान बनाया है। फ्रेंचाइजी ने उन्हें 2025 सीजन के लिए मेगा ऑक्शन में 2 करोड़ रुपए में खरीदा था। अपने एक्स (ट्विटर) हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट करके इसकी घोषणा की। आईपीएल की शुरुआत 22 मार्च से होनी है। 40 साल के डु प्लेसिस ने 2022 से 2024 के सीजन में की कप्तानी की थी, लेकिन फ्रेंचाइजी ने उन्हें 2025 के लिए रिटेन नहीं किया था।

# आईपीएल के लिए क्रिकेटर ने पाकिस्तानी लीग छोड़ी



**नईदिल्ली, एजेंसी**

साउथ अफ्रीकी ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खेलने के लिए पाकिस्तान की सुपर लीग छोड़ने का फैसला किया है। उन्हें मुंबई इंडियन ने इस सीजन के लिए अपनी स्क्वॉड में शामिल किया है। बॉश के फैसले से नाराज पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड आईपीएल ने उन्हें कानूनी नोटिस भेजा गया है। कॉर्बिन पर कॉन्ट्रैक्ट नियमों के उल्लंघन का आरोप है। आईपीएल ने कॉर्बिन से कहा है कि वे अपने फैसले पर जवाब दें।

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान सुपर लीग की फ्रेंचाइजियों को और विदेशी खिलाड़ियों के आईपीएल छोड़ने का डर सता रहा है। फ्रेंचाइजियों का मानना है कि अगर बॉश पर आईपीएल कोई कानूनी करवाई नहीं करता या सख्त कदम नहीं उठाता है तो भविष्य में और खिलाड़ी आईपीएल के लिए साइन करने के बावजूद मौका मिलने पर आईपीएल में जा सकते हैं। कारण यह है कि आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग है। हर खिलाड़ी इसमें खेलना चाहता है। इसमें पैसे भी आईपीएल की तुलना में ज्यादा मिलते हैं। किसी खिला?ी के चोटिल होने पर उन खिलाड़ियों को आईपीएल फ्रेंचाइजी में शामिल किया जाता है, जो ऑक्शन में नहीं बिके हैं। खिलाड़ी भी आईपीएल को ही प्राथमिकता दे रहे हैं। हाल ही में पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर इमाम उल हक ने कहा था कि सभी देशों के बोर्ड को अपने खिला?ियों को आईपीएल में खेलने से रोकना चाहिए। उन्हें आईपीएलमें खेलने की मंजूरी नहीं देना चाहिए, क्योंकि अपने खिलाड़ियों को अन्य लीग में खेलने की इजाजत नहीं देता है।

लिजाड विलियम्स का रिप्लेसमेंट होंगे बॉश : कॉर्बिन बॉश को 8 मार्च को मुंबई इंडियंस ने चोटिल खिला?ी लिजाड विलियम्स की जगह उनको शामिल किया है। जिसके बाद कॉर्बिन बॉश ने आईपीएल से हटने का फैसला किया। आईपीएल 22 मार्च से 25 मई तक चलेगा, जबकि पीसीएल 11 अप्रैल से 18 मई तक खेला जाना है। कॉर्बिन बॉश को जनवरी में हुए ड्राफ्ट में पेशावर जल्मी ने डायमंड श्रेणी में सिलेक्ट किया था। कॉर्बिन बॉश तीन इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले साल दिसंबर में वनडे डेब्यू किया था। दिसंबर में ही उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ ही टेस्ट डेब्यू भी किया था। बॉश के पास और जैसे लीग में खेलने का अनुभव है। उन्होंने ₹20 में 3 टीमों से 14 खेल चुके हैं। इनमें 13 विकेट लेने के साथ ही 78.94 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।

# किंग्स कप फुटबॉल: सेमीफाइनल में अल खलीज को 3-1 से दी मात, अल नासर फाइनल में

**रियाद, एजेंसी**

क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की बदौलत अल नासर ने खेले गए मैच में अल खलीज को 3-1 से हराया और किंग्स कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अल नासर का मुकाबला 31 मई को फाइनल में सऊदी प्रो लीग की शीर्ष टीम व सऊदी सुपर कप विजेता अल हिलाल से होगा, जिसने सेमीफाइनल में अल इत्तिहाद को 2-1 से हराया था। अल नासर के लिए रोनाल्डो ने 17वें और 57वें मिनट में गोल दागे।



**34 साल से इंतजार:** अल नासर की टीम को किंग्स कप जीतने का 1990 से इंतजार है। छह बार की पूर्व चैंपियन अल नासर ने आखिरी बार 1990 में किंग्स कप खिताब अपने नाम किया था।

# मैड्रिड ओपन टेनिस: रूसी खिलाड़ी पुरुष एकल के सेमीफाइनल में पहुंचे

## रुब्लेव ने गत चैंपियन अल्कारेज का खिताबी हैट्रिक बनाने का सपना तोड़ा

**मैड्रिड , एजेंसी**

स्पेन के दूसरी वरीय खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्कारेज का लगातार तीसरी बार मैड्रिड ओपन खिताब जीतने का सपना टूट गया है। बुधवार रात खेले गए पुरुष एकल के क्वार्टरफाइनल में अल्कारेज को रूस के सातवीं वरीय खिलाड़ी आंद्रेव रुब्लेव ने तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-4, 3-6, 2-6 से शिकस्त दी। 20 वर्षीय अल्कारेज खिताबी हैट्रिक बना लेते तो वह यह कमाल करने वाले पहले खिलाड़ी बन जाते। वहीं, सेमीफाइनल में रुब्लेव का मुकाबला अब अमरीका के 12वीं वरीय खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज से होगा। मैच सबालेंका ने कुल रिबाकिना से खेले, 5 जीते, 3 हारे



मैड्रिड ओपन में महिला एकल का सेमीफाइनल मौजूदा चैंपियन आर्यना सबालेंका और कजाकिस्तान की एलेना रिबाकिना के बीच खेला जाएगा। बेलारूस की दूसरी वरीय सबालेंका ने क्वार्टरफाइनल में रूस की 17 वर्षीय खिलाड़ी मीरा आद्रिवा को 6-1, 6-4 से हराया। चौथी वरीय रिबाकिना ने हमवतन यूलिया पुतिन्सेव को 4-6, 7-6, 7-5 से शिकस्त दी। दूसरे सेमीफाइनल में टॉप सीड इगा स्विटेक ने अमरीका की मेडिसन कीज को शिकस्त दी।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**



# इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों को दी जाने वाली फीस से खुश नहीं लारा दत्ता, वेतन पर फूटा गुस्सा

लारा दत्ता इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों को दिए जाने वाली फीस से कुछ खास खुश नहीं हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने हिंदी सिनेमा में वेतन असमानता को लेकर खुलकर बात की है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है। बॉलीवुड अभिनेत्री लारा दत्ता इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'रणनीति-बालाकोट एंड बियॉन्ड' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार किरदार निभाए हैं। हालांकि, लारा दत्ता इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों को दिए जाने वाली फीस से कुछ खास खुश नहीं हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने हिंदी सिनेमा में वेतन असमानता को लेकर खुलकर बात की है। हाल ही में, एक इंटरव्यू में अभिनेत्री ने खुलासा किया कि महिलाएं इंडस्ट्री में अपने कई पुरुष कलाकारों की तुलना में कड़ी मेहनत करती हैं फिर भी ज्यादातर महिलाएं भाग्यशाली हैं कि उन्हें पुरुष अभिनेताओं को मिलने वाले वेतन का दसवां हिस्सा मिलता है। लारा दत्ता ने बताया कि वे प्रक्रिया में हैं और बहुत सारी महिलाएं हैं, जो इस धारणा में बदलाव करने की कोशिश कर रही हैं उन्होंने कहा कि पहले, यह सोचा जाता था कि जब आप 30 वर्ष की उम्र तक पहुंचते हैं, तो आपके लिए घर बसाने का समय आ जाता है क्योंकि आपका करियर खत्म हो जाता है। इस बीच, लारा दत्ता नितेश तिवारी की रामायण में कैकेयी की भूमिका को लेकर भी काफी चर्चा में चल रही हैं।

# '1942 ए लव स्टोरी' के लिए अनिल नहीं थे पहली पसंद

विधु विनोद चोपड़ा हिंदी सिनेमा के नामचीन निर्माता-निर्देशक हैं। उन्होंने बॉलीवुड को कई कालजयी फिल्में दी हैं। उन्होंने बतौर निर्देशक परिंदा, 1942 ए लव स्टोरी और बतौर निर्माता 'मुन्नाभाई एमबीबीएस', थ्री इडिएट्स जैसी कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। उनके करियर में 1942 ए लव स्टोरी फिल्म का बड़ा योगदान है। एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने इस फिल्म से जुड़ी एक बड़ी जानकारी साझा की है। 1942 ए लव स्टोरी फिल्म की गिनती भारतीय सिनेमा की सर्वकालीन बेहतरीन फिल्मों में होती है। फिल्म के संगीत को आज भी काफी पसंद किया जाता है। इस फिल्म में सदाबहार अभिनेता अनिल कपूर और मनीषा कोईराला ने मुख्य भूमिका निभाई थी। दोनों ने अपनी अदाकारी से फिल्म में चार चांद लगा दिए थे। अब फिल्म रिलीज होने के 30 साल बाद निर्देशक ने एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि अनिल कपूर इस फिल्म के लिए पहली पसंद नहीं थे। फिल्म के निर्देशक ने बताया कि इस फिल्म के लिए अनिल कपूर पहली पसंद नहीं थे। उन्होंने यह किरदार पहले 'डंकी' स्टार शाहरुख खान को ऑफर किया था। उन्होंने कहा, जब मैं 1942 ए लव स्टोरी बना रहा था, तब मैंने उनका काम देखा था। रेणु (पूर्व पत्नी) ने उनकी फिल्म 'माया मेम साब' को एडिट किया था। उसमें उनका एक छोटा किरदार था। इसलिए मैंने उन्हें यह किरदार ऑफर किया। मैं पहला इंसान था, जिसने उन्हें कोई किरदार ऑफर किया था।

# भूमिका को तवज्जो देती हैं यामी गौतम, बोलीं- सिर्फ मशहूर होना मेरा मकसद नहीं



यामी गौतम इंडस्ट्री की चर्चित अदाकारा हैं। उन्होंने कई चर्चित फिल्मों में काम किया है, इसके अलावा ओटीटी पर भी उनका दबदबा दिखा है। हर नए किरदार में वह खुद को बखूबी ढालने में माहिर हैं। बीते दिनों आई उनकी फिल्म 'आर्टिकल 370' खूब पसंद की गई। हाल ही में यामी ने पारंपरिक सिनेमा और ओटीटी प्लेटफॉर्म के बीच चल रही मौजूदा चर्चा पर अपने विचार साझा किए। कुछ कलाकार माध्यम को प्राथमिकता देते हैं। मगर, उन सभी के विपरीत यामी गौतम की प्राथमिकता उनकी भूमिकाएं रही हैं, जिन्हें वे अब तक निभाती रही हैं। यामी का कहना है, मैंने कभी भी अपनी कोई फिल्म यह सोचकर नहीं चुनी कि यह ओटीटी या थिएटर के लिए बहुत अच्छी है। मैंने उन्हें उस तरह से चुना जैसे वे थीं और जो भूमिकाएं मैं निभाना चाहती थी। यामी गौतम ने ओटीटी प्लेटफॉर्म की मौजूदगी के बीच बड़े पर्दे के प्रति अपना लगाव जाहिर किया। उन्होंने स्वीकार किया कि खुद को सिनेमाघरों में देखना उनके दिल के करीब का मामला रहा है। अभिनेत्री ने कहा कि उस क्षण में कुछ खास होता है, जब रोशनी कम हो जाती है, प्रोजेक्टर चालू हो जाता है और दर्शक सिर्फ और सिर्फ उस फिल्म का लुत्फ उठाते हैं। काम के प्रति जुनून और कला के प्रति यामी के मन में जो सम्मान है, वह याद दिलाता है कि सिनेमा स्क्रीन और किसी भी माध्यम से परे होता है। यामी गौतम का कहना है कि वह अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के लिए कहानी कहने के नए तरीकों को आजमाने के लिए भी तैयार हैं। इंडस्ट्री में आए बदलाव के साथ वह अलग रास्ते अपनाने की भी इच्छुक हैं।



**मेट्रो बाजार**

# चावल-मसालों और डेयरी सहित अन्य उत्पादों की भी होगी जांच

**मुंबई, एजेंसी**

एमडीएच और एवरेस्ट मसालों के मामले सामने आने के बाद खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने घरेलू बाजार में बेचे जाने वाले फोर्टिफाइड चावल, डेयरी उत्पादों व मसालों जैसे अन्य खाद्य पदार्थों की जांच शुरू करने की योजना बनाई है। फल व सब्जियों, मछली उत्पादों में साल्मोनेला जैसे खाद्य पदार्थों की भी निगरानी की जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) मसाला, जड़ी-बूटियां, दूध और दूध से बने उत्पादों को भी जांच के दायरे में लाएगा। सिंगापुर और हांगकांग की गुणवत्ता संबंधी चिंताओं को देखते हुए एफएसएसएआई पहले से ही एमडीएच और एवरेस्ट सहित सभी ब्रांडों के मसालों के नमूने ले रहा है। सभी मसालों के नमूने इसलिए लिए जा रहे हैं, ताकि यह जांचा जा सके कि वे एफएसएसएआई मानदंडों को पूरा करते हैं या नहीं। पिछले हफ्ते एफएसएसएआई ने कहा था कि वह नेस्ले के सेरेलैक के नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया में है। दावा है कि कंपनी उत्पाद में ज्यादा चीनी का उपयोग कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में विश्लेषण किए गए नमूनों की संख्या 2020-21 में 1,07,829 से बढ़कर 2023-24 में 4,51,000 से अधिक हो गई है। इस आधार पर तीन गुना ज्यादा नमून लिए गए हैं। 2020-21 में 1,07,829 नमूने लिए गए। 2021-22 में 1,44,345 नमूनों का विश्लेषण किया गया। 2022-23 में 1,77,511 नमूनों का विश्लेषण किया गया।



# हाउस-फॉर-पेंशन स्कीम बुजुर्गों के लिए बेहतर, इसलिए कम मांग...

**नईदिल्ली,एजेंसी।** रिवर्स एन्युटि मार्गेज (आरएएम) यानी अपना घर गिरवी रखकर बैंक से एक निश्चित रकम लेना बुजुर्गों के लिए पेंशन का बड़ा साधन बन सकता है, लेकिन फिलहाल ग्राहक और बैंक दोनों ही तरफ से इसे लेकर उदासीन रवैया है। लोगों में जहां इसको लेकर जानकारी का अभाव है तो बैंक भी इस स्कीम को प्रोत्साहित नहीं करते हैं औरन ही इसे लेकर लोगों में जागरूकता फैलाते हैं। नेशनल हाउसिंग बैंक (एनएचबी) ने अपनी रिपोर्ट में आरएएम को प्राथमिक उधार की श्रेणी में रखने के साथ इस लोन लेने की न्यूनतम आयु सीमा को 60 से घटाकर 50 साल करने की सिफारिश की है। एनएचबी ने अपनी रिपोर्ट में वरिष्ठ नागरिकों को इस लोन से मिलने वाली राशि को मन-मुताबिक खर्च करने की आजादी देने की मांग की है। अभी लोन लेने वाले बुजुर्गों को अपनी जरूरतों को बताना पड़ता है और एक निर्धारित राशि मेडिकल खर्च में दिखानी पड़ती है। जिन लोगों को इस स्कीम का पता है, वे भी सामाजिक ताने-बाने की वजह से इसका लाभ नहीं उठाते हैं। उन्हें लगता है कि इस लोन को लेने से समाज में यह संदेश जाएगा कि उनके बच्चे उनकी देखभाल नहीं करते हैं या फिर वे अपने बच्चों संपत्ति देना नहीं चाहते हैं।



### 9 और 11 साल की बच्चियों से मोहल्ले में रहने वाला युवक कर रहा था गंदी हरकत

# क्राइम सीन देख रोईं बेटियां बोलीं वो बेड टच करता है...मार तो नहीं देगा?

भोपाल, दोपहर मेट्रो

निशातपुरा थाना क्षेत्र में 9 और 11 साल की सगी बहनों से अश्लील हरकत किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मां को बच्चियों के साथ हुई अश्लील हरकत का पता उस समय लगा जब वह टीवी पर एक सीरियल देख रही थी और उसमें युवक बच्ची से गंदी हरकत करने के बाद उसकी हत्या कर देता है। मां ने टीवी बंद की तो बच्चियों ने कुछ देर बाद रोना शुरू कर दिया। मां ने रोने का कारण पूछा तो पता चला कि मोहल्ले में रहने वाला आरोपी एक साल से बच्चियों के साथ गंदी हरकत कर रहा था।

पुलिस के अनुसार क्रमशः 9 और 11 साल की बच्चियां निशातपुरा इलाके में रहती हैं। बड़ी बहन चौथी कक्षा में और छोटी बहन दूसरी कक्षा में पढ़ती है। परिवार में माता पिता और दो बहनें हैं। होली के दिन मां और बेटियां टीवी देख रही थी। टीवी पर सीरियल चल रहा था। सीरियल में एक युवक बच्ची के साथ गंदी हरकत करने के बाद उसकी हत्या कर देता है। मां ने टीवी बंद कर दी, ताकि बच्चियों पर बुरा असर न हो। कुछ देर बाद बच्चियों ने सीरियल को याद किया और कुछ समझने के बाद रोने लगी।

पैसों का लालच देकर ले जाता था घर

रोने का कारण पूछने पर बच्चियां मां से कहने लगी कि कहीं सोनू अंकल हमें भी तो नहीं जान से मार देंगे। मां ने पूछा ऐसा क्यों बोल रही हो। इस पर बच्चियों ने बताया कि मोहल्ले में रहने वाले सोनू अंकल पैसों का लालच देकर उन्हें अपने घर ले जाते है। वहां उनसे बारी बारी से बेड टच करते हैं।



बच्चियों ने बताया कि नाना की सितंबर में मौत हो गई थी, तभी आरोपी सोनू उन्हें घर ले गया था और वहां उनके साथ गंदी हरकत की थी। इसके बाद दो चार बार फिर घर बुलाकर हरकत की। अभी होली के दिन भी उसने घर बुलाया था, लेकिन डर के कारण वह आरोपी के घर नहीं पहुंची।

### थाने लेकर पहुंची मां

बच्चियों के साथ बेड टच की जानकारी लगते ही मां उसे थाने लेकर पहुंची और आरोपी सोनू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। शिकायत दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार है। उसकी उम्र करीब तीस साल बताई जा रही है।

## व्यापारी ने युवती को चाइनीज फूड खिलाने के बहाने छेड़ा

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित मंडी गेट के पास रविवार शाम बारदाना व्यापारी ने बुरी नियत से छेड़छाड़ कर दी। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 18 साल की युवती इलाके में रहती हैं। वह अपनी मां के साथ मंडी में बारदाने का कारोबार करने वाले शफीक की दुकान पर काम करती है। रविवार शाम मां ने उसे शफीक के पास पैसे लेने के लिए भेजा था। वह मंडी पहुंची तभी गेट के पास उसे शफीक मिल गया। पीड़िता का कहना है कि शफीक उसे लेकर अस्सी फीट रोड पहुंचा था, वहां उसने चायनीज फूड खिलाया। इसके बाद सुनसान में ले जाने के बाद उसके साथ बुरी नियत से छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता ने उसका विरोध किया तो उसने उसे छोड़ दिया। पीड़िता ने घटना की जानकारी घर जाकर मां को दी। मां उसे थाने लेकर पहुंची और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

## मुंबई से आए युवक ने होटल में किया युवती से दुष्कर्म, वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

**भोपाल।** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र की एक होटल में 23 साल की युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने होटल में दुष्कर्म के दौरान उसका अश्लील वीडियो बना लिया था और उसी वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसका दैहिक शोषण कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ खिलाफ दुष्कर्म, दैहिक शोषण व ब्लैकमेलिंग की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से हरदा निवासी 23 साल की युवती भोपाल में किराए से रहती है और प्राइवेट काम करती है। वर्ष 2022 में वह शादी में शामिल होने मुंबई गई थी। वहां उसकी मुलाकात सुभाष नंद मेहर नामक युवक से हुई। दोनों में बातचीत हुई और इस बीच सुभाष ने युवती से उसका मोबाइल नंबर ले लिया। वह युवती से मोबाइल पर बात करने लगा और दोस्ती बढ़ा ली। पुलिस ने बताया कि नवंबर 2022 को सुभाष नंद भोपाल आया था। वह अशोका गार्डन क्षेत्र की एक होटल में रुका था। मिलने के बहाने उसने युवती को होटल में बुला लिया और मौका मिलते ही जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसने युवती को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी सुभाष मुंबई लौट गया था। वहां जाकर उसने युवती को बताया कि उसने उसका अश्लील वीडियो बना लिया है। उक्त वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर आरोपी उसे ब्लैकमेल कर रहा था। तीन साल तक आरोपी युवती का दैहिक शोषण करता रहा।

**छात्रा से दुष्कर्म जाति से किया अपमानित:** बिलखिरिया पुलिस ने बताया कि इलाके में रहने वाली 23 साल की युवती दलित है और युवती कॉलेज में पढ़ती है। करीब पांच साल पहले उसकी मुलाकात अवधपुरी में रहने वाले आर्यन राजपूत से हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती हुई और फिर प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। इस बीच अक्टूबर 2023 को आर्यन ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया। इसके बाद से आरोपी झांसा देकर पीड़िता का दैहिक शोषण कर रहा था। रविवार को दलित युवती ने आरोपी आर्यन पर शादी का दबाव बनाया तो उसने साफ इनकार कर दिया और जातिसूचक शब्दों से अपमानित भी किया। घटना के बाद पीड़िता बिलखिरिया थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ बलात्कार व एट्रोसिटी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज करा दिया।

# पुलिया से बाइक गिरी, एक की मौत, दो युवक घायल



भोपाल, दोपहर मेट्रो

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव खैरखेड़ी मोड़ पर सोमवार सुबह पुलिया में बाइक गिरने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हुए है। घायलों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार मिथुन भील पिता नारायण भील (25) गांव उमरिया, जिला विदिशा का रहने वाला था और प्राइवेट काम करता था। मिथुन अपने साथी रामभरोसे और राकेश के साथ भोपाल से अपने गांव उमरिया जाने के लिए निकला था। तीनों दोस्त सोमवार सुबह नजीराबाद के खैरखेड़ी गांव पहुंचे थे। खैरखेड़ी मोड़ पर पहुंचते ही उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गई।

### डायल 100 पर मिली सूचना

थाना प्रभारी कृष्णा ठाकुर ने बताया कि सुबह करीब पौने आठ बजे के आसपास राहगीरों ने डायल 100 पर सूचना दी थी कि खैरखेड़ी पुलिया से बाइक नीचे गिर गई है। डायल 100 की टीम एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक केंद्र बैरसिया में डॉक्टर ने चेक करने के बाद मिथुन भील को मृत घोषित कर दिया। रामभरोसे और राकेश का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### मानसिक संतुलन बिगड़ा वृद्धा ने कपड़े इकट्ठा कर लगाई आग, मौत

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करोंद में मानसिक विक्षिप्त बुजुर्ग महिला ने कपड़े इकट्ठे कर उसमें आग लगाई और आग की चपेट में आ गई। करीब 90 फीसदी जलने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, वहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करोंद निवासी अफसर जहां पत्नी शाकिर (60) अपने पति व तीन बेटों के साथ रहती थीं। उनकी दो बेटियों की शादी हो चुकी है। अफसर जहां का करीब 20 वर्षों से मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ है। उनका इलाज भी चल रहा था। रविवार सुबह करीब 9 बजे अफसर जहां ने चादर में कपड़े इकठ्ठा किए और उसमें आग लगा दी। कपड़ों से तेजी से आग पकड़ी और अफसर जहां खुद भी आग की चपेट में आ गईं। घटना के समय घर के सभी लोग सो रहे थे। चीख और धुआं उठता देख परिजन की नींद खुली और आग बुझाकर बुजुर्ग महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया। करीब 9 घंटे चले इलाज के बाद शाम करीब 5 बजे महिला की अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया था।

## घर से लापता नाबालिग सकुशल बरामद



**भोपाल।** अयोध्या नगर इलाके में घर से गायब हुई एक नाबालिग को पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है। जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी स्कूल छात्रा है। सोमवार सुबह करीब आठ बजे वह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। आसपास तलाश करने के बाद भी जब बच्ची का कुछ पता नहीं चला तो परिजन ने थाने जाकर घटना की जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की अलग-अलग टीमें बालिका की तलाश में लगाई गईं। इलाके में लगे करीब 60 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद बालिका को सकुशल बरामद कर लिया गया। पूछताछ के बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया गया है। इधर टीटी नगर इलाके में रहने वाली चौदह साल की एक किशोरी घर से बगैर बताए कहीं चली गई। काफी तलाश करने के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने थाने जाकर अपहरण की रिपोर्ट कराई। इसी प्रकार सूखी सेवनिया थानांतर्गत ग्राम बरखेड़ी अब्दुल्ला में रहने वाला 14 साल का बालक और सोलह साल की बालिका घर से बगैर बताए कहीं चली गई। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात पर अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दो परिवार आपस में भिड़े, 5 लोग घायल

**भोपाल।** मंगलवारा थाना क्षेत्र स्थित छावनी इलाके में दो परिवार में मामूली सी बात को लेकर आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी डंडे और चाकूबाजी कर दी। इस विवाद में 5 लोग घायल हुए है। घटना रविवार रात करीब साढ़े 9 बजे की है। पुलिस ने काउंटर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंगलवारा थाना प्रभारी अजय सोनी ने बताया कि विवाद में कुल 5 लोग घायल हुए है। सभी की स्थिति ठीक है। विवाद दोनों परिवार की महिलाओं के बीच में हुआ था। देखते ही देखते विवाद बड़ गया और दोनों पक्षों के पुरूष भी आमने-सामने आ गए। मारपीट के साथ विवाद में चाकू, लाठी, ठंडे से एक दूसरे पर हमला किया है साथ ही पत्थराव भी किया गया है। विवाद में एक परिवार के अनस, उमर और सैफ घायल हुए है, जबकि दूसरे परिवार के 2 लोग में अयान और फैजान घायल हुए है।

# तस्करों से 40 हजार से ज्यादा रुपए की अवैध शराब बरामद

भोपाल, दोपहर मेट्रो

पुलिस द्वारा अवैध शराब तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिछले चौबीस घंटों के भीतर अलग-अलग इलाकों से गिरफ्तार हुए तस्करों से करीब 40 हजार से ज्यादा की अवैध शराब जब्त की गई है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार गोविंदपुरा पुलिस को सूचना मिली कि कन्या स्कूल बरखेड़ा के पास, अम्बेडकर भवन के पीछे पुलिया के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेच रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही मुकेश राजपूत उर्फ बब्बी निवासी रामनगर थाना अवधपुरी को पकड़ा। उसके पास से देशी शराब के कुल 340 क्वार्टर शराब जब्त हुई। जब्त हुई शराब की कीमत 24 हजार रुपये बताई गई है। इधर कमला नगर पुलिस ने मैनिट चौराहे के पास रवींद्र कुशवाह निवासी हबीबगंज को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 12 हजार रुपए की अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। इसी प्रकार अयोध्या नगर पुलिस ने सागर लेकव्यू होम्स के पास महेंद्र चौहान को गिरफ्तार कर 14 सौ रुपए की अवैध शराब जब्त की। कोलार पुलिस ने पहाड़ी मंदिर गरीब नगर के पास हर्षित मिश्रा साढ़े 7 हजार रुपए की अंग्रेजी शराब जब्त की।

इधर परवलिया थाना पुलिस ने ग्राम झिरनिया स्थित कलाखेड़ी जोड़ के पास पवन जाटव से 12 सौ रुपए और गुनगा थाना पुलिस ने खेड़ीरोड कटीघाटी के पास संतोष अहिरवार से डेढ़ हजार की अवैध शराब जब्त की है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## पार्टनर बनाने का झांसा देकर प्रापर्टी डीलर ने कारोबारी से एक करोड़ 30 लाख ठगे, पैसा-कार लेकर फर्म में पत्नी को जोड़ा

**भोपाल** ।पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित इंद्रपुरी सी-सेक्टर में एक कारोबारी को फर्म में पार्टनर बनाने का झांसा देकर प्रॉपट्री डीलर ने एक करोड़ 30 लाख की धोखाधड़ी कर दी। डीलर ने पहले अनुबंध कर एक हॉस्टल के नाम पर रकम ली और फिर फर्जी दस्तावेज के आधार पर फर्म से कारोबारी को हटा कर अपनी पत्नी को साझेदार बना लिया। इतना ही आरोपी ने उनकी 18 लाख रुपए की कार भी हड़प ली। पुलिस ने शिकायत पर जांच शुरू की और आरोपी दंपति के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक सी-सेक्टर इन्द्रपुरी निवासी योगेश उप्पल (49) की इंद्रपुरी में ही पेंट शॉप है। साल 2023 में वह शुभम छवर की फर्म में बतौर पार्टनर के रूप में जुड़े थे। शुभम छवर प्रॉपट्री डीलर है। शुभम और योगेश ने इंद्रपुरी के एक हॉस्टल का सौदा 1.80 करोड़ में तय किया। इसमें योगेश ने 90 लाख रुपए और रजिस्ट्री का पैसा दिया था। साल 2024 में शुभम ने फर्म से योगेश को हटा दिया और अपनी पत्नी आनवी छवर को पार्टनर बना लिया। शुभम ने योगेश की एक 18 लाख रुपए कीमत की स्कोडा कार भी हड़प ली।

# गोविंदपुरा में महिला टीचर से लूट के पहले बागसेवनिया में भी से झपटा था मोबाइल

**दूसरी लूट में बाइक का नंबर मिलने के बाद पकड़ाए बदमाश**



भोपाल, दोपहर मेट्रो

बागसेवनिया में महिला से झपटने के बाद लुटेरों ने गोविंदपुरा के विजय मार्केट में निजी स्कूल की टीचर से पर्स झपटा था। शनिवार शाम डेढ़ घंटे के अंदर बदमाशों ने झपटमारी और लूट की दो घटनाओं को अंजाम दिया। आरोपियों की बाइक का नंबर मिलने के कारण पुलिस ने दोनों लुटेरों को दबोच लिया है। आरोपियों से झपटा गया मोबाइल और टीचर से लूटा गया पर्स समेत वारदात में इस्तेमाल बाइक जब्त की है।

पुलिस के अनुसार 15 मार्च की शाम करीब 7 बजे बागसेवनिया के नारायण नगर में पहली वारदात हुई थी। उक्त वारदात 12 नंबर मल्टी हबीबगंज में रहने वाली सुनीता गौर (40) के साथ हुई थी। उसने पुलिस को बताया कि वह बंगलों में खाना बनाने का काम करती हैं। 15 मार्च की शाम करीब 7 बजे वह काम करके पैदल घर लौट रही थीं। रास्ते में किसी का कॉल आने पर वह चलते-चलते मोबाइल पर बात करने लगीं। इस बीच बाइक क्रमांक एमपी 04 क्यूपी 3305 पर सवार बदमाश महिला का मोबाइल झपटकर फरार हो गए। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक करने पर पुलिस को आरोपियों का हुलिया और गाड़ी का नंबर मिला। नंबर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया। गोविंदपुरा पुलिस ने बताया कि वल्लभ नगर अवधपुरी निवासी प्रभा सिंह (36) निजी स्कूल में टीचर हैं। शनिवार 15 मार्च की रात करीब साढ़े 8 बजे वह बेटे के साथ सब्जी खरीदने विजय मार्केट बरखेड़ा गई थीं। उसी दौरान बाइक से आए बदमाशों ने उनका पर्स छीन लिया। पर्स में मोबाइल व कुछ नगदी रखी थी। महिला टीचर के बेटे ने उनका पीछा किया लेकिन बदमाश भागने में कामयाब हो गए, लेकिन उसने बाइक का नंबर देख लिया था। गा?ी के नंबर एमपी 04 क्यूपी 3305 के आधार पर पुलिस ने लूट के एक आरोपी रोहित अहिरवार (27) निवासी बाग मुगलिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने साथी जितेन्द्र जाटव उर्फ छोटू (30) निवासी जाटखेड़ी मिसरोद के साथ वारदात को अंजाम देना कुबूल किया। रोहित की निशानदेही पर गोविंदपुरा पुलिस ने जितेन्द्र जाटव को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से लूट का मशरूका व वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद कर ली है। मोटरसाइकिल आरोपी जितेन्द्र की पत्नी के नाम रजिस्टर्ड है।

## आमरोड पर वाहन पार्क करने वालों को चेतावनी

**भोपाल।** आमरोड पर वाहन पार्क करने वाले लोगों और वाहन एजेंसियों को चेतावनी दी गई है। ऐसे लोगों को अपने वाहन निर्धारित पार्किंग खड़ा करने का बोला गया है। ऐसा नहीं करने पर यातायात पुलिस आगामी समय में नो-पार्किंग में खड़े होने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। यह कार्रवाई नए और पुराने शहर में एक साथ होगी। ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि शहर में कतिपय वाहन ऐंजेसियों द्वारा शोरूम के साथ-साथ आमरोड पर भी वाहनों को पार्क किया जा रहा है, जिससे सामान्य यातायात बाधित होता है। कई स्थानों पर जाम की स्थिति निर्मित होती है। इसके साथ ही पुराने भोपाल में आमरोड पर रहवासियों द्वारा भी सड़क पर वाहन पार्क किये जाते हैं, जिसके कारण यातायात बाधित होता है। प्रत्येक वाहन एजेंसी के पास पर्याप्त स्थान होता है, जहां अपने वाहन विक्रय हेतु रखे जा सकतें है।

**मेट्रो एंकर** बेटा गया ट्यूशन पढ़ने, डेढ़ वर्ष की मासूम बालिका खेल रही थी पड़ोसी के घर

# नव विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या


भोपाल, दोपहर मेट्रो

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित गौतम नगर झुग्गी में सोमवार शाम नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने नव विवाहिता का कमरा सील कर दिया है। पुलिस ने शव पीएम के लिए मर्चुरी में रखवा दिया है। मायके पक्ष के पहुंचने के बाद पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार पूजा खरवार पति रोहित खरवार (29) गौतम नगर झुग्गी, में रहती थी।

### पति काम पर गया

वर्ष 2021 में ही उसकी शादी रोहित से हुई थी। रोहित खरवार प्राइवेट काम करता है। पूजा के पड़ोस में रिश्तेदार रहते हैं। सोमवार सुबह पति काम पर गया था। घर में पूजा अकेली थी, जबकि चार साल का बेटा ट्यूशन पड़ने गया था और डेड़ साल की बेटी पड़ोस में रिश्तेदार के घर थी। शाम करीब छह बजे रोहित घर पहुंचा तो दरवाजे की कुंदी बाहर से बंद थी। उसने पूजा को आवाज दी, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। उसने खिड़की से झांककर देखा तो पूजा फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई। किसी तरह उसने आसपास के लोगों के साथ मिलकर दरवाजा तोड़कर पूजा को अस्पताल गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



## मिस्त्री ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भोपाल।** कमलानगर थाना क्षेत्र स्थित नया बसेरा कोटरा में सोमवार सुबह मिस्त्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय पत्नी काम पर चली गई थी। दो घंटे बाद लौटी तो पति को फंदे पर लटका देखा। पड़ोसियों की मदद से उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, वहां पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार नया बसेरा कोटरा निवासी गोपाल धनौरे (36) मिस्त्री का काम करता था। परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। दो बेटियां और एक बेटा है। पत्नी घरों में काम करने जाती है। रोज की तरह सोमवार सुबह भी पत्नी काम पर चली गई थी। दो घंटे बाद पत्नी लौटी तो गोपाल को फांसी के फंदे पर लटका देखा। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विस्तृत बयान दर्ज किए जाएंगे।

# युवक के हत्यारे दो किन्नर किए गिरफ्तार, एक की तलाश जारी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

तलैया थाना क्षेत्र स्थित बैंड मास्टर चौराहा पर युवक की सरेराह चाकू गोदकर हत्या करने वाले दो किन्नरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। विवाद किन्नरों के दो समूहों के बीच अधिकार क्षेत्र को लेकर हुआ था। इसी विवाद में आदिल की हत्या कर दी गई। तलैया पुलिस ने सोमवार को अलवीरा खान और उसके साथी नवाब को कोर्ट में पेश कर दिया। वहां से आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

थाना प्रभारी चतुर्भुज राठौर ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से एक हमलावर रूहान की पहचान हो गई है। उन्होंने बताया कि रूहान माता मंदिर इलाके में रहता है और उसकी गिरफ्तारी के लिए अलग अलग टीम गठित की गई है। उल्लेखनीय है कि सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि आदिल ने सबसे पहले किन्नर अलवीरा खान पर हमला किया था। जब वह ऑटो रिक्शा में सवार हो रहा था। अलवीरा और उसके साथी जल्द ही एकत्रित हो गए और आदिल का पीछा किया। इस दौरान आदिल के साथ मौजूद उसके साथी भाग निकले थे, जबकि हमलावरों ने आदिल को घेर लिया था। हमलावरों ने चाकू से आदिल की गर्दन, पेट और हाथों पर ताबड़तोड़ हमला किया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आदिल पहले अलवीरा खान का दोस्त था। हालांकि, आदिल ने हाल ही में किन्नर के एक प्रतिद्वंद्वी समूह का साथ देने लगा था, जो उसकी मदद से इलाके पर कब्जा करना चाहते थे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022